(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

तूफान की सफलता के ...8



रविवार, 22 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 246 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## असम में हिमंत सरकार के सौ दिन पूरेः सीमा विवाद को लेकर सुर्खियों में रहे, हिंदुत्ववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने का लगा आरोप

असम में हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए है। अगर देखा जाए तो इन 100 दिनों में हिमंत बिस्व सरमा और उनकी सरकार सुर्खियों में रही। कभी जनसंख्या वाले बयान को लेकर तो कभी नशीली दवाओं को मुखाग्नि देने को लेकर तो कभी मवेशी संरक्षण विधेयक को लेकर। इन 100 दिनों में खासकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर हिंदुत्ववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप तो लगा ही साथ ही साथ पड़ोसी राज्यों से विवाद उनके लिए कई चुनौतियां लेकर सामने आया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जो बयान दिया था उसके बाद से असम की राजनीति गर्म हो गई थी। इसके अलावा असम में एक ऐसा विधेयक पारित कराया गया है जिसके बाद राज्य में बीफ को लेकर नए तरह के कानून बन गए हैं। असम विधानसभा में मवेशियों के वध, उपभोग और परिवहन को विनियमित करने के प्रावधान वाला विधेयक पारित किया गया। इस कानून के जरिये यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर–बीफ खाने वाले समुदायों या मंदिर और किसी भी अन्य संस्थान के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में पशु वध की अनुमति न दी जाए।

हिमंत बिस्व सरमा गहन उग्रवाद विरोधी अभियान, नशीली दवाओं और मानव तस्करी पर कार्रवाई, उग्रवादियों की मुठभेड़ में मौत और पड़ोसी राज्यों के साथ बढ़ते सीमा विवाद जैसे कई मुद्दे सुर्खियों में रहे। सरमा ने कहा कि इस साल मई से अब तक पुलिस के साथ मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए हैं जबकि 65 अन्य को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को कार्यालय में 100 दिन पूरे करने के अवसर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने



कहा कि इस दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए जबकि कई उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया। सरमा पूर्वोत्तर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि उग्रवादी संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनएलएफबी) के नेता ने 21 अन्य सदस्यों के साथ 22 जुलाई को आत्मसमर्पण किया था और अब तक संगठन के 99 सदस्य आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनएलएफबी के अन्य 130 उग्रवादियों के जल्द ही आत्मसमर्पण करने की संभावना है, जबकि कुकी नेशनल लिबरेशन आर्मी के 27 उग्रवादियों ने भी हाल ही में आत्मसमर्पण किया था और कार्बी आंगलोंग में हथियार और गोला–बारूद जमा कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मई से अब तक मादक पदार्थ की तस्करी पर कार्रवाई के बाद 1,912 लोगों को गिरफ्तार किया है और अब तक 1,115 मामले दर्ज किए गए हैं। सरमा ने कहा, ''हम नशीली दवाओं के खतरे से सख्ती से निपटना जारी रखेंगे और नशीली दवाओं से मुक्त असम के अपने मिशन को हासिल करेंगे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव तस्करी के खिलाफ अभियान में एक बड़ी सफलता के रूप में 175 पीड़ितों को बचाया गया, 36 मामले दर्ज किए गए और 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि कई वर्षों में पहली बार लोगों ने खुले मन से स्वतंत्रता दिवस मनाया और उस दिन किसी भी संगठन ने बंद का आह्वान नहीं किया। असम को हाल में पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा समस्याओं का सामना करना पड़ा, विशेष रूप से मिजोरम के साथ, और विवादों को हल करने के प्रयास जारी हैं।

सरमा ने कहा, ''पिछले 100 दिनों में, हमने दशकों पुराने लंबे विवादों को खत्म करने के लिए पर्याप्त प्रगति की है, खासकर नगालैंड, मेघालय और मिजोरम के साथ।'' उन्होंने कहा, ''आने वाले पांच वर्षों को असम के इतिहास का गौरवशाली युग बनाने के लिए हमने अपने 100 दिनों का उपयोग कुछ परिवर्तनकारी दिनों की नींव रखने के लिए किया।'' उन्होंने कहा, ''पहले 100 दिनों के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि नए भारत के निर्माण में असम का योगदान 100 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा।

## देश में कोविड–19 के 34,457 नए मामले, 375 लोगों की मौत

नयी दिल्ली। देश में कोविड–19 के 34,457 नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर शनिवार को 3,23,93,286 हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,61,340 हो गयी जो 151 दिनों में सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 375 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या4,33,964 पर पहुंच गयी। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,61,340 हो गयी जो 151 दिनों में सबसे कम है तथा संक्रमण के कुल मामलों का 1.12 प्रतिशत है, जो मार्च 2020 के बाद से सबसे कम है। वहीं स्वस्थ होने की दर 97.54 फीसदी है, जो कि पिछले साल मार्च से सबसे ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में कोविड–19 का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 2,265 की कमी आयी है। संक्रमण की दैनिक दर दो प्रतिशत दर्ज की गयी। पिछले 26 दिनों में यह तीन प्रतिशत से कम है। साप्ताहिक संक्रमण दर 1.98 प्रतिशत दर्ज की गयी। पिछले 57 दिनों से यह तीन प्रतिशत से कम है। कोविड–19 का पता लगाने के लिए शुक्रवार को 17,21,205 नमूनों की जांच की गयी और इसी के साथ ही अब तक जांच किए गए नमूनों की संख्या 50,45,76,158 पर पहुंच गयी है। इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 3,15,97,982 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड–19 रोधी टीके की 57.61 करोड़ खुराक दी गयी है। भारत में कोविड–19 मामलों का आंकड़ा सात अगस्त, 2020 को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख को पार कर गया था। यह 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख को पार कर गया था। इसने 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ का आंकड़ा पार किया था। देश में संक्रमण के मामलों की संख्या चार मई को दो करोड़ और 23 जून को तीन करोड़ के आंकड़े को पार कर गई थी।



## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित, तेजी से हो रहा विकास कार्यः नड्डा

देहरादून। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उत्तराखंड में सैनिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि भी है और वीरभूमि भी। हर घर से फौज में भागीदारी करने वाले लोग इसी भूमि पर मिलते हैं। हम ये भी जानते हैं कि किस तरीके से आपने फौज में प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने जो गौरव प्रदान किया है वो हमेशा हमें याद रखना चाहिए। बड़ी संख्या में जिन्होंने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर किया, अपनी जांन गंवाई है, देश उनके साथ हमेशा सम्मान में खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है, मजबूत है और तीव्र गति से आगे बढ़ने के लिए आतुर है। ये सुरक्षा और मजबूती अगर नेतृत्व ने प्रदान की है, तो भारत की फौज ने भी साथ खड़े होकर जवाब दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नेतृत्व के बदलने से क्या फर्क पड़ता है इसे भी हमें समझना चाहिए। 2011–12 में भारत का डिफेंस बजट 1,43,000 करोड़ रुपए था। 2020–21 में भारत का डिफेंस बजट 4,78,000 करोड़ रुपए है। 1,35,000 करोड़ रुपये से सिर्फ नए असलहे खरीदने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे प्रधानमंत्री बने जिन्होंने कहा कि मनाली से लेकर लेह तक टनल बननी चाहिए और दुनिया की सबसे बड़ी टनल 9.9 किमी की 10,000 फीट की ऊंचाई पर बनायी गई। उन्होंने कहा कि अटल टनल का शिलान्यास भी अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। इसके बाद 10 साल यूपीए की सरकार रही, पत्थर वहीं का वहीं रहा। उस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी मनाली आए थे तब उन्होंने कहा था कि यह पत्थर मेरे दिल में पत्थर है और फिर बाद में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब काम शुरू हुआ। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज 3,812 किमी ऑल वेदर रोड की कनेक्टिविटी पर काम किया जा रहा है। जिसमें से 3,300 किमी की 61 सड़कें बन चुकी हैं। मैं भारत की फौज और विशेषकर बीआरओ को बधाई देता हूं कि आप लोगों ने ऑल वेदर रोड बनाकर मोदी जी के सपनें को साकार किया है।



## रक्षा बंधनःकेंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ने मुख्तार अब्बास नकवी को बांधी राखी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कैबिनेट में अपने सहयोगी मुख्तार अब्बास नकवी को राखी बांधी है। मुख्तार अब्बास नकवी को राखी बांधते साध्वी निरंजन ज्योति की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। इन तस्वीरों में नजर आ रहा है कि एक थाली में राखी रखी हुई है और केंद्रीय मंत्री अपने सहयोगी को राखी बांध रही हैं। इसके बाद दोनों एक साथ खड़े होकर मुस्कुरा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक साध्वी निरंजन ज्योति, मुख्तार अब्बास नकवी को राखी बांधने के लिए उनके घर गई थीं। आपको याद दिला दें कि इससे पहले साल 2019 में भी एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई थी। जिसमें केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की कलाई पर राखी बांधती नजर आई थीं।

## मनीष सिसोदिया ने राकेश अस्थाना को बताया पीएम का ब्रह्मास्त्र, कहा– हम डरने वाले नहीं



दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक बार फिर से केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने दावा किया कि सूत्रों से पता चला है है कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने ईडी, सीबीआई और दिल्ली पुलिस को छापेमारी और 15 लोगों के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं ताकि आने वाले चुनाव में इन्हें बर्बाद किया जा सके। सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री इसके लिए अपने ब्रह्मास्त्र राकेश अस्थाना का इस्तेमाल कर रहे हैं। जाहिर सी बात है कि भाजपा आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से डर रही है। लेकिन वह फिर भी असफल होंगे। मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी का स्टैंड यह है कि हम ईमानदारी से काम करते रहेंगे, प्रधानमंत्री जिसे भेजना चाहे भेज लें, हमारे खिलाफ जो जांच कराना चाहे करा लें लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि इससे पहले सीबीआई ने कई जांच किए लेकिन क्या मिला? उन्होंने दावा किया कि 21 विधायकों के खिलाफ कई तरह के मुकदमे दर्ज किए गए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बेडरूम तक पुलिस को भेज दिया गया लेकिन कुछ नहीं मिला।




## दिल्ली में सामान्य रूप से खुल सकेंगे बाजार, शाम 8 बजे तक खुले रहने की समय सीमा खत्म

दिल्ली में अब बाजारों को पूरी तरह से खोलने की इजाजत




दे दी गई है। इसके साथ ही बाजार अब सामान्य समयानुसार खुल सकेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के मुताबिक करोना की वजह से अभी तक दिल्ली के बाजारों को शाम 8 बजे तक खुलने की इजाजत थी। लेकिन अब कोरोना के मामले कम होने की वजह से सोमवार से समय सीमा हटाई जा रही है। अब बाजार अपने सामान्य समयानुसार खुल सकेंगे। आपको बता दें कि कोरोना महामारी की वजह से दिल्ली में बाजारों को बंद किया गया था। अब महामारी में कमी देखी जा रही है। दिल्ली सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 19 नए मामले आए हैं जबकि इसी दौरान 48 लोग ठीक हुए हैं। दिल्ली में फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 0.03 प्रतिशत है जबकि फुल सक्रिय मामले फिलहाल 430 हैं।

## कई बड़े फीचर्स के साथ आएंगी नई वंदे भारत ट्रेनें, आपात स्थिति में बचाव के लिए भी होंगी सुविधाएं

भारत के श्रेष्ठतम ट्रेनों में से एक वंदे भारत अब कई नए फीचर्स के साथ युक्त होगी। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वंदे भारत ट्रेन के घोषणा के बाद भारतीय रेलवे ने इन ट्रेनों में नए फीचर्स को भी जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे के मुताबिक इन वंदे भारत ट्रेनों में चार इमरजेंसी विंडो लगाई जाएंगी। चाच इमरजेंसी विंडो लगाने का मतलब साफ तौर पर आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इसके अलावा नयी आने वाली वंदे भारत ट्रेनें नयी सुविधाओं से लैस होंगी, जिसमें केन्द्रीकृत डिब्बा निगरानी तंत्र होगा तथा ऐसी खूबियां होंगी जो खासतौर पर आपात स्थितियों में लोगों को बचाने में मदद करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 15 अगस्त को घोषणा की थी कि 75 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के 75वें सप्ताह में देश के हर कोने तक पहुंचेंगी। ये भारतीय रेलवे की दो मौजूदा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। पहली ट्रेन वाराणसी–दिल्ली मार्ग और दूसरी कटरा–दिल्ली मार्ग के लिए शुरू की गई थीं। शताब्दी जैसी अर्ध–उच्च गति वाली ट्रेनों में पहले से ही 'ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट', जीपीएस–आधारित यात्री सूचना प्रणाली, सीसीटीवी कैमरे, स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे तथा अन्य सुविधाएं हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन वंदे भारत ट्रेनों में नई बेहतर सुविधाओं में आपात स्थितियों में यात्रियों को आसानी से निकालने के लिए चार आपातकालीन खिड़कियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में सभी लाइट खराब होने पर इस्तेमाल के लिए प्रत्येक डिब्बे में चार आपदा लाइट भी लगाई जाएंगी। ट्रेनों में आपात पुश बटन की संख्या दो से बढ़ा कर चार की जाएंगी। इसके अलावा भी ये ट्रेनें कई अन्य सुविधाओं से लैस होंगी। जानकारी के मुताबिक अप्रैल 2022 से लेकर मार्च 2023 तक प्रत्येक माह 6 बंदे भारत एक्सप्रेस का निर्माण किया जा सकता है। इसके अलावा लक्ष्य यह भी है कि किसी एक महीने में अतिरिक्त वंदे भारत का भी निर्माण हो सके। वर्तमान में देखे तो दो वंदे भारत एक्सप्रेस का निर्माण किया जा रहा है जो 2022 तक पूरा हो सकता है। अभी देश में वंदे भारत एक्सप्रेस केवल आईसीएफ चेन्नई में ही तैयार की जा रही है। लेकिन जल्द ही यह ट्रेनें देश के दो अन्य हिस्सों में तैयार हो सकती है तथा कोच भी अलग–अलग फैक्ट्रियों में भी तैयार हो सकेंगे।



## कांग्रेस तो ऐसी नाव हो गई है, जो खुद तो डूबेगी और जो उसमें बैठेगा वो भी डूबेगाः सीएम शिवराज

भोपाल। इंडियन नेशनल कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को 19 विपक्षी दलों के साथ वर्चुअल बैठक की। सोनिया गांधी की इस बैठक में विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं ने बैठक ली।

बताया जा है है कि बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट होकर मुकाबला करने पर जोर दिया। इसे लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की विपक्षी नेताओं के साथ बैठक पर तंज कसा है। उन्होंने बयान देते हुए कहा आजकल मैडम सोनिया जी को विपक्षी एकता याद आ रही है। जब कांग्रेस के पास कुछ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अब कांग्रेस का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई विचारधारा। कांग्रेस अपना अध्यक्ष तो बना नहीं पा रही है। वहीं उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास क्या है। कांग्रेस तो ऐसी नाव हो गई है, जो खुद तो डूबेगी और जो उसमें बैठेगा वो भी डूबेगा। आपको बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई बैठक में कांग्रेस समेत 19 विपक्षी दल के नेता शामिल हुए। जानकारी मिली है कि बैठक में टीएमसी, एनसीपी, डीएमके, शिवसेना, जेएमएम, सीपीआई, सीपीएम, एनसी, आरजेडी, एआईयूडीएफ आदि के नेताओं ने हिस्सा लिया।



## ईओडब्ल्यू मुख्यालय में लगी भीषण आग, कई मुख्य दस्तावेज हुए खाक



भोपाल। राजधानी भोपाल में ईओडब्ल्यू मुख्यालय स्थित थाने के कमरे में शुक्रवार रात भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस आग से दफ्तर में मौजूद कई अहम दस्तावेज सहित सामान जलकर खाक हो गए है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। आपको बता दें कि शुक्रवार को ईओडब्ल्यू मुख्यालय में भीषण आग लग गई। जिसके बाद दफ्तर में रखे हुए दस्तावेज जिनमें आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारियों के दस्तावेजों जल कर खाक हो गए। इसके साथ ही थाना में रखे कंप्यूटर, एसी, टेबल भी जलकर बर्बाद हो गए। वहीं सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने मीडिया के सामने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

# जो भारत माता की जय न बोले वह देश का हितैषी नही हो सकतेः मुकुट बिहारी

## बीकापुर और मिल्कीपुर में बूथ सत्यापन प्रशिक्षण कार्ययोजना की हुई बैठक

अयोध्या। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मुकुट विहारी ने कहा कि जो भारत माता की जय न बोले, और सम्मान न करें,ऐसे लोगों देश के हितैषी नही हो सकते उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अफगानिस्तान में फंसे अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, जैन, ईसाई को सकुशल वतन वापस लाने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। लेकिन विपक्षी दलों ने मौन साध रखा है। अगर एक वर्ग विशेष के लोग फंसे होते तो समूचा विपक्ष हो हल्ला मचा रहा होता। मंत्री ने उक्त उद्गार शुक्रवार को बीकापुर और मिल्कीपुर में आयोजित बूथ सत्यापन प्रशिक्षण कार्ययोजना बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश को आगे बढ़ाने का काम करती है। किसी एक परिवार की पार्टी नहीं है। एक देश एक विधान और एक कानून की मांग पूरी करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटा दिया। कार्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने मिशन 2022 के लिए तैयार होकर अपनी बूथ मजबूत करने को कहा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे प्रधानसेवक के रूप में जनता की सेवा करेंगे। प्रधानमंत्री ने सबका साथ–सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर समाज के सभी वर्गो गांव, गरीब, किसान के विकास के लिए कार्य किया। पूरे विश्व में भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भी उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार गावं, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के लिए लोककल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सारे कार्य जनता के आशीर्वाद से ही पूरे हो सकते है। इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यहां भी भाजपा की नीतियों को घर–घर पंहुचाने और बूथ एक–एक एक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क करने को कहा। विधायक बीकापुर शोभा सिंह चौहान, ने भी कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने को कहा। सहकारिता मंत्री का स्वागत सांसद लल्लू सिंह ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया ।विधानसभा मिल्कीपुर के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने मिल्कीपुर में कहा कि मोदी–योगी जी की सरकार ने लगातार जनता के हित के लिए ऐसे काम किये है जैसे लोगों को बिजली, शौचालय, आवास, उज्जवला गैस, किसान सम्मान निधि सहित अनगिनत ऐसे कार्य गांव, गरीब के कल्याण और उनके उत्थान के लिए किया है। भाजपा सरकार ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय, डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी व डा0 भीम राव अम्बेडकर सहित सभी मनीषियों के मिशन को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि जन–जन तक केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं का लाभ मिला है आगे भी हम जनता की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करते रहे इसके लिए हम जनता से आशीर्वाद ले रहे है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए अनगिनत कार्य किये है। जिनका सीधा लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं, शोषित, पीड़ित, वंचित सहित समाज के सभी वर्गों को मिला है।

सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र बनवाया जाए और फर्जी मतदाताओं को चिह्नित करके मतदाता सूची से नाम हटवाने का काम करें। जो नवयुवक 18 वर्ष या इससे ऊपर हो चुके हैं उनके फार्म भरवा कर मतदाता सूची में उनका नाम शामिल कराएं। उन्होंने पार्टी जनों का आवाहन किया कि जिस प्रकार वर्ष 2017 में भाजपा को उत्तर प्रदेश के विधानसभा में भारी बहुमत मिला था। इस बार वर्ष 2022 के चुनाव में भी दिलाने के लिए अभी से तन, मन व धन से जुट जाएं। क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबा गोरखनाथ ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र भेंट किया। इस मौके पर पार्टी के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी,अशोक कसौधन, राघबेन्द्र पांडे,सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू,अखंड सिंह डिम्पल,जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी,अशोक मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डे बादल,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ,वंशीधर शर्मा,गिरीश पांडे, महेश ओझा, मनोज निषाद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीराम एयरपोर्ट के लिए लगभग 75 एकड़ भूमि का हुआ बैनामा बैनामा किये लोगों को दिया गया प्लाट आवंटन पत्र

अयोध्या। जनपद अयोध्या स्थित राजकीय हवाई पट्टी को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट अयोध्या के रूप में विकसित किये जाने हेतु तहसील सदर के आठ ग्राम–जनौरा बा0न0पा0, गंजा, पूरा हुसैन खां, धरमपुर सहादत, नन्दापुर, कुशमाहा, फिरोजपुर व सरेठी की भूमियां प्रस्तावित है। इस विस्तार में आने वाली भूमियों में ग्राम धरमपुर सहादत परगना हवेली अवध तहसील सदर अयोध्या भी समाहित है। इसमें आवासीय प्रभावित होने वाले परिवारों को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापना में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत पुनर्व्यवस्थापित किया जाना है। उत्तर प्रदेश सरकार के एवं मुख्यमंत्री के अयोध्या के प्राथमिक कार्यो में एक महत्वपूर्ण कार्य मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट अयोध्या का शुभारम्भ करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आसपास के ग्रामों की जमीन आपसी समझौते सद्भावना के आधार पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय तथा अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगभग 75 एकड़ जमीन का अधिग्रहणध्बैनामा हो चुका है। इसमें पहले दो चरण में बैनामा किये गये लोगों को मुआवजा प्लाट आवंटन पत्र दिया जा चुका है। आज तीसरे चरण का जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में लगभग 75 काश्तकारों को प्लाट उनके जमीन के ऐवज में देने का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। इसमें गोशाईगंज के विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी ने भी भाग लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्राथमिकता कार्यक्रमों में है तथा मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि जिनकी जमीन ली जाय या बैनामा किया जाय उनको पुर्नवास की व्यवस्था पूर्ण रूप से कर दी जाय। इसी के क्रम में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा जिन लोगों का जमीन लिया जा रहा है उनको प्रधानमंत्री आवास तथा उनके आसपास के क्षेत्रों को सड़क, खड़ंजा, विद्युत, पेयजल आदि की पूर्ण रूप से शहरी व्यवस्था हेतु कार्यवाही की जायेगी तथा उनके सभी आवश्यक कार्यो को नियमानुसार प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक श्री तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आम किसानों, काश्तकारों की समस्याओं को समाधान करना है तथा हमारा जिला प्रशासन का एवं उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प है कि जमीन देने वालों लोगों के मान, स्वाभिमान, सम्मान एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। इसके लिए स्वयं जिलाधिकारी जी दृढ़संकल्पित है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पहले ही जिलाधिकारी जी, विधायक जी आप लोगों के सहयोग की सराहना कर चुके है। मेरा यह प्रयास है कि राष्ट्र के विकास के लिए सभी लोगों को सक्रिय योगदान देना चाहिए। उसी के क्रम में आप लोगों ने एयरपोर्ट के लिए जमीन दिया है इसकी मैं सराहना करता हूं तथा आगे भी आशा करता हूं कि आप लोग विकास के लिए पीछे नही हटेंगे। उक्त अवसर पर कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण अपर जिलाधिकारीध्मुख्य राजस्व अधिकारी श्री पुरूषोत्तम दास गुप्ता ने प्रस्तुत किया तथा सभी के सहयोग की सराहना की। 75 काश्तकारों में से सभी को प्लाट दिया गया जिसमें सर्वप्रथम श्री हरिओम तिवारी, रामबक्स, किरन, यशराजे, जसोमती, राजकुमार, रामलखन तिवारी आदि प्रमुख है। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, उपनिदेशक सूचना, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अन्य सहायक एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेयर ने निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर दिये निर्देश

फिरोजाबाद। नगर निगम की मेयर नूतन राठौर ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा कराये जो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये है। नगर निगम की मेयर नूतन राठौर ने अधिकारियों के साथ शुक्रवार को महादेव नगर एवं उसके आस पास के क्षेत्र में जलभराव होने की समस्या के स्थायी निदान हेतु महादेव नगर की पुलिया पर बम्बा नाले के किनारे बनवायी जा रही पैरापिट वॉल का निरीक्षण किया। इसके निर्माण होने से जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसके बाद उन्होंने श्रीपाल कालोनी में एक स्कूल के पास नाले पर बनवाई जा रही पैरापिट वॉल के बीच के स्थान को बंद कराने के लिये दीवार के लिये किये गये निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को मानक के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये है। इस दौरान क्षेत्रिय पार्षद सतेन्द्र कुमार, गेंदालाल राठौर, महाप्रबंधक जल रामबाबू राजपूत आदि मौजूद रहे।

## हमनें बिना भेदभाव के पात्रों को दिया योजनाओं का लाभ–श्रीकांत शर्मा

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के उर्जामंत्री ने सपा, बसपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुये उन्हें कॉकटेल पार्टी बताया है। उनका कहना है कि इन पार्टियों का वजूद भी खत्म हो गया है। उर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा शुक्रवार को जनपद की तहसील जसराना व टूण्डला में विधानसभा की बैठकों में भाग लेने पहुंचे थे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये उन्हें आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव के लिये जीत का मंत्र दिया। इसके बाद वह मीड़िया से रूबरू हुये। उन्होंने कहा केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान की सरकार है। सरकार ने काम किया है। हमनें बिना किसी भेदभाव सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया है। उसी के आधार पर हम 2014, 2017 व 2019 में चुनाव जीते और आगे भी 2022 में हमारी सरकार बनेगी। उन्होंने सपा के 400 सीट आने के दावे पर कहा कि दिल बहलाने के लिये ख्याल अच्छा है। इस दौराना भाजपा जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष वी एल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में साईकिल सवार की मौत

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर क्षेत्र अन्तर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लायी है। थाना मटसेना क्षेत्र के गांव दौंकेली निवासी शेर सिंह (40) पुत्र रामदीन साईकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि तभी अचानक थाना रसूलपुर क्षेत्र के गांव मोड़ा के समीप हाइवे पर अचानक उसे किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है।

## सपा महानगर कमेटी ने सेक्टर प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी द्वारा आज पार्टी कार्यालय पर सेक्टर प्रभारियों पार्षद गणों व प्रमुख नेताओं की बैठक महानगर कार्यालय पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन उपाध्यक्ष श्री चंद यादव ने किया बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन उपस्थित रहे बैठक में सेक्टर प्रभारियों व पार्षद गणों से कहा गया कि अपने–अपने क्षेत्रों में बूथ प्रभारियों की मदद स मतदाता सूची का पुनर निरीक्षण का कार्य तेज गति से किया जाए जिससे मतदाता चुनाव में वोट डालने से वंचित न रह जाएं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा छ दम विषधारी भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक कोई विकास का कार्य नहीं किया है समाज को ईर्ष्या और द्वेष की राजनीति मैं वाटकर चुनाव जीतना चाहती ह महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से ऊब चुकी है अब वह विकास शिक्षा चिकित्सा रोजगार इन सब मुद्दों पर वोट डालेगी जनता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विकास कार्यों को देख चुकी है प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष चंद यादव, राकेश यादव शंकर जीत यादव, राम नवल पाल, विद्याभूषण पासी, आभास कृष्ण यादव, शिवांशु तिवारी, मोहम्मद अपील, राहुल यादव पिंटू, अरुण सिंह धोनी, नजीर इदरीसी, व्यापार सभा महासचिव विजय यादव, पार्षद गण विशाल पाल, जगत नारायण यादव, राम अजोर यादव, महेंद्र शुक्ला,फरीद कुरैशी, अर्जुन यादव, लक्ष्मण कनौजिया, वकार अहमद, कमलेश सोलंकी, राम भजन यादव, देशराज उमेश यादव, अमित गुप्ता, संजय सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## रक्षा बन्धन को लेकर सज गयी दुकानें

जौनपुर । रक्षा बन्धन पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों के किनारे राखी दुकाने सज गयी है और मनमोहक राखियां अपनी ओर आकृष्ट कर रही है। बहने अपनी भाइयों के लिए राखियां रखीदने में लगी है। ज्ञात हो कि रक्षा बन्धन को बहन अपने भाई के कलाई में राखी बांधती है. वहीँ वहे भगवान से ये मांगती है की उसका भाई हमेशा खुश रहे और स्वस्थ रहे।

भाई भी अपने बहन को बदले में कोई उपहार प्रदान करता है और प्रतिज्ञा करता है की कोई भी विपत्ति आ जाये वो अपने बहन की रक्षा हमेशा करेगा। भगवान से अपने बहन ही लम्बी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना करता है। इस त्यौहार का पालन कोई भी कर सकता है फिर चाहे वो सगे भाई बहन हो या न हो । राखी का त्यौहार पुरे भारतवर्ष में काफी हर्ष एवं उल्लाश के साथ मनाया जाता है. यह एक ऐसा त्यौहार है जिसमें क्या धनी क्या गरीब सभी इसे मनाते हैं. लेकिन सभी त्योहारों के तरह ही राखी का इतिहास है।

रानी कर्णावती और सम्राट हुमायूँ की कहानी उस समय की बात है जब राजपूतों को मुस्लमान राजाओं से युद्ध करना पड़ रहा था अपनी राज्य को बचाने के लिए. राखी उस समय भी प्रचलित थी जिसमें भाई अपने बहनों की रक्षा करता है उस समय चितोड़ की रानी कर्णावती हुआ करती थी. वहे एक विधवा रानी थी। ऐसे में गुजरात के सुल्तान बहादुर साह ने उनपर हमला कर दिया. ऐसे में रानी अपने राज्य को बचा सकने में असमर्थ होने लगी. इसपर उन्होंने एक राखी सम्राट हुमायूँ को भेजा उनकी रक्षा करने के लिए. और हुमायूँ ने भी अपनी बहन की रक्षा के हेतु अपनी एक सेना की टुकड़ी चित्तोर भेज दिया. जिससे बाद में बहादुर साह के सेना को पीछे हटना पड़ा था। भविस्य पुराण के अनुसार जब असुरों के राजा बाली ने देवताओं के ऊपर आक्रमण किया था तब देवताओं के राजा इंद्र को काफी क्षति पहुंची थी। इस अवस्था को देखकर इंद्र की पत्नी सची से रहा नहीं गया और वह विष्णु जी के करीब गयी इसका समाधान प्राप्त करने के लिए. तब प्रभु विष्णु ने एक धागा सची को प्रदान किया और कहा की वह इस धागे को जाकर अपने पति के कलाई पर बांध दें. और जब उन्होंने ऐसा किया तब इंद्र के हाथों राजा बलि की पराजय हुई। इसलिए पुराने समय में युद्ध में जाने से पूर्व राजा और उनके सैनिकों के हाथों में उनकी पत्नी और बहनें राखी बांधा करती थी जिससे वो सकुशल घर जीत कर लौट सकें।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व प्रधानमंत्री को याद

फिरोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत महा संपर्क अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी न्याय पंचायतों कि एक–एक ग्राम सभा में सर्वप्रथम राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर तथा भारत माता की जय के जयकारों के साथ ग्राम सभा में प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात गांव में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानियों अथवा उनके परिजनों का तथा शहीद सैनिकों के परिजनों ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी तथा आशा बहुओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष में कांग्रेस कार्यकर्ता इस 75 घंटे की कार्यक्रम में पूरी तरह से जनता के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में शशि शर्मा पीसीसी सदस्य, नगर अध्यक्ष मुकेश गौड़, ओबीसी वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय यादव, जिला प्रवक्ता मनोज भटेले, जिला उपाध्यक्ष कमलेश जैन, विजय चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामनाथ यादव आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## वांछित दो हत्यारोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने हत्या के वांछित दो अभियुक्तगणों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना सिरसागंज प्रभारी प्रवीन्द्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे तभी सूचना पर ग्राम तिलियानी में हुई मृतक रामकुमेश की हत्या के नामजद आरोपियों को सिरसा नदी पुल सिरसागंज से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मनोज (प्रधान) पुत्र बच्चन सिंह व मुकेश कुमार पुत्र सरमन सिंह निवासी ग्राम तिलियानी थाना सिरसागंज बताये है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अदद तमन्चा, कारतूस व मोटर साईकिल बरामद की है।

## हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

शिकोहाबाद। भारतीय जनता पार्टी की जन आर्शीवाद यात्रा लेकर आए केंद्रीय विधि एवं कानून राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को एटा तिराहा स्थित मनोज शर्मा के प्रतिष्ठान पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल ने मंत्री को आगरा में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री से आगरा में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना कराने तथा व्यापारियों को पेंशन दिलाये जाने की मांग की। मत्री ने व्यापारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर विचार कर उनकी मांग पर संज्ञान लेने तथा उसको अमलीजामा पहनाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मनोज शर्मा,संजीव शर्मा,विजेंद्र सिंह राना, आशा सिंह,योगेंद्र सिंह,योगेश गुप्ता,रोहित शाह,शोभित गुप्ता, अतुल सिकेरा,शिशुपालसिंह,मनीष महेश्वरी,धर्मवीर,धीरू,अमर राठौर,व्रजनंदन तोमर,अनुज तोमर,आजाद भाई, कालू भाई,नौशाद अहमद, एडवोकेट आलोक शर्मा,मुकेश बाबू गुप्ता,गोविंद अग्रवाल,संजीव अग्रवाल,राजीव त्रिवेदी, सी ए अवधेश पाठक, डॉ. पीएस राना आदि मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री ने व्यापारियों को हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया।

## ढेंमवा पुल की विस्थापित महिला ने डीएम से लगाई गुहार

सोहावल–अयोध्या। लगभग चार वर्ष पहले सरयू के किनारे बनाये गये पुल की चपेट में आकर अपना घर गवां चुकी महिला राधा ने जिलाधिकारी से गुहार कर न्याय की मांग किया है। आरोप है कि शासन से घर बना कर महिला को दी गई भूमि व बनाकर दिये गए मकान में विपक्षी छोटे लाल आदि रहने नहीं दे रहे है। आवंटित भूमि पर जबरन कब्जा कर भूमि को लेकर न्यायालय में वाद पंजीकृत करा दिया है। शिकायती पत्र को लेकर जांच और कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं।

## राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम कांग्रेस ने चलाया जय भारत महासम्पर्क अभियान

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त न्याय पंचायतों में वार्डों में चलाए जा रहे"जय भारत महासम्पर्क अभियान" में गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 77वीं जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश सचिवध्जनपद प्रभारी हनुमंत विश्वकर्मा,जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चौधरी,न्याय पंचायत अध्यक्ष संजय मदान,छवि राज यादव,रामसागर रावत,अमरजीत रावत,बलवीर सिंह कोरी, रामनाथ यादव,त्रिभुवन यादव, इंद्रोहन यादव,रामकिशन यादव,शुभम यादव,रोहित यादव,अजय यादव,प्रिंस यादव,राजित राम,अभिषेक कोरी,प्रमोद यादव,सुनील पांडे,मुलायम यादव,अनंतराम यादव,शंकर जीत यादव,शुभम यादव आदि के साथ सोहावल ब्लॉक के न्याय पंचायत रौनाही,कटरौली,मसौधा ब्लॉक में न्याय पंचायत जलालाबाद,बंदी दासपुर,कैल में,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा की अगुवाई में न्याय पंचायत अध्यक्ष वाजिद अली और क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने मसौधा ब्लॉक के न्याय पंचायत माधवपुर में,प्रदेश सचिव सुनील पाठक की अगुवाई में महानगर उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय महंत जय मंगल दास,संदीप यादव रिशु आदि ने हनुमानगढी,राजघाट मीरा घाट में,न्याय पंचायत अध्यक्ष मंगल कनौजिया व चिकित्सा प्रकोष्ठ के रविकांत श्रीवास्तव की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने ग्रामसभा दादूपुर,परसावां सहित समस्त न्याय पंचायतों में,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मधु पाठक की अगुवाई में दीप नारायण शुक्ला दिलीप गौड़,राजेंद्र सिंह,पांचू राम निषाद,हेमराज,मोहम्मद नौशाद,सौरभ दूबे,लल्लन प्रसाद आदि ने रामपुर भगन प्रभात,बीकापुर बाजार,जलालपुर माफी में प्रभात फेरी निकाला श्रमदान कर पौधरोपण किया तत्पश्चात राजीव गांधी सम्मान समारोह अंतर्गत घर–घर जाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारों,सैनिक परिवार,सफाई कर्मी,रसोईया,आशा बहू,शिक्षामित्र आदि को स्मृति चिन्ह व पत्र देकर और अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और खेती किसानी एवं समाज की चर्चा कर गांव के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को नोट किया। स्थानीय जनों से संवाद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिवध्उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी जी ने घोषणा की है कि कांग्रेस की सरकार उत्तर प्रदेश में आते ही बिजली का बिल हाफ,किसानों के बैंक कर्ज माफ एवं पशुओं की समस्या से निजात तत्काल प्रभाव से दिलाया जाएगा इन नेताओं ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है इस महामारी के संक्रमण काल में जनता त्रस्त है परंतु इन्होंने आपदा में भी अवसर ढूंढा है हर जरूरत चीजों के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि करके इन्होंने अपना असली चेहरा जनता के बीच उजागर कर दिया है जिसका जवाब जनता जनार्दन ही इनको देगी। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि जनपद की 124 न्याय पंचायतों में जय भारत महासम्पर्क अभियान अंतर्गत स्थानीय जनता से मिल रहे अपार समर्थन से यह बात स्पष्ट हो गई है की किसान,युवा,महिलाएं,आमजन इनके कुशासन से बुरी तरह परेशान है और उसने बदलाव का मन बना लिया है और कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है क्योंकि कांग्रेस जो भी वादा करती है उसको पूरी तरह निभाती है।

## सिद्धार्थ प्रदूषण जांच केंद्र का उद्घाटन

जौनपुर। शहर के नई गंज स्थित धर्मकांटा के निकट सिद्धार्थ प्रदूषण जांच केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एआरटीओ जौनपुर एसपी सिंह यादव एवं आरआई अशोक श्रीवास्तव ने फीताकाटकर किया। इस अवसर पर आरआई श्रीवास्तव ने कहा कि वाहनों में प्रदूषण प्रमाण पत्र आवश्यक है। जांच होने पर इसके न होने से 10हजार रूपये दण्ड का प्राविधान है। प्रदूषण प्रमाणपत्र के साथ अभिलेख भी रखे। उन्होने वहां मौजूद लोगों ने अनुरोध किया कि वाहनों के साथ प्रदूषण मुक्त प्रमाण रखे और स्वस्थ्य पर्यावरण में मददगार बने। उन्होने बताया कि सौ रूपये के भीतर चार पहिया और दो वाहनों का प्रमाण पत्र बन रहा है इसका लाभ उठाये और दण्ड से बचे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्ग शिक्षक, चिकित्सक, समाजसेवी, राजनेता सहित प्रमोद यादव भाजपा जिला मंत्री जौनपुर, घनश्याम यादवश् संजय यादव, रमेश मिश्रा ,रमेश पांडे ज्ञान प्रकाश सिंह, महेंद्र प्रताप यादव, अशोक यादव आदि सैकड़ों गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

# दवाओं के भंडारण में पहले स्थान पर होगा, बजरंगी चौक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र






दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। शनिवार को बजरंगी चौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हो गयी जब डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने चिकत्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह के साथ जिले के सबसे बड़े दवाओं के भंडारण गृह (जनपदीय ड्रग वेयर हाउस) का पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत करोड़ौं की लागत से बनने वाला यह सिद्धार्थनगर जिले का पहला और सबसे बड़ा दवा भण्डारण गृह होगा। इस अवसर पर बोलते हुए डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य हमेशा से देश की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के प्राथमिकता में रही है। स्वास्थ्य के मामले में प्रदेश सरकार ने कई मेडिकल कॉलेज देकर और स्वास्थ्य सुविधाओं को तेजी से बढ़ाकर लोगों की स्वास्थ्य से सम्बधित तमाम तरह की दिक्कते खत्म की है। इसी क्रम में हमारे विधानसभा में भी सरकारी हॉस्पिटलस में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो रहा है और आज का शिलान्यास इस बात को बताता है कि आने वाले समय में डुमरियागंज में स्वास्थ्य सुविधाएं सबसे अच्छी स्थिति में होगी। डुमरियागंज विधायक ने डुमरियागंज विधानसभा को ढेर सारी योजनाओं का सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डुमरियागंज की जनता की तरफ से आभार जताया द्यइस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संदीप चौधरी,अधीक्षक डॉ बी एन चतुर्वेदी, खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज सुशील अग्रहरि, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डुमरियागंज नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा, अभय राम पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, उदयपाल वर्मा सहित अस्पताल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण, और भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## नगर पंचायत शोहरतगढ़ में बोर्ड के सभासदों ने भुगतान को लेकर उठाए सवाल

### ईओ से की ईओ की शिकायत, अपने खिलाफ कैसे जाँच करेंगे अधिशासी अधिकारी ?

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के कई सभासदों ने संयुक्त रुप से अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते हुए अधिशासी अधिकारी सहित नगर अध्यक्ष द्वारा किये गए भुगतान पर सवाल उठाया है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा कि अधिशासी अधिकारी (ई०ओ० शोहरतगढ़ स्वयं) बोर्ड को पूर्ण रूप से उपेक्षित कर माननीय अध्यक्षा जी के साथ सांठगांठ कर मनमाने ढंग से बोर्ड को चलाने का कार्य एवं अनुचित भुगतान किया जा रहा है। जिसको लेकर बोर्ड के सभी सभासद असंतुष्ट और आहत है। ऐसी स्थिति में प्रथम दृष्टया वेतन भुगतान के अलावा समस्त भुगतान तत्काल प्रभाव से रोके जाने की बात कही है।ज्ञापन में खास बात यह रही कि जिनके ऊपर आरोप लगाया जा रहा है उन्हीं से उसकी शिकायत की जा रही है। अब सवाल यह है कि जिस मामले में खुद अधिशासी अधिकारी ही दोषी हो तो भला अपने विरुद्ध वह कैसे कार्रवाई खुद की कलम से अपने ऊपर कार्यवाही कर सकते हैं। ज्ञापन में सभासद संजीव कुमार



जायसवाल, जरीना खातून, उमा अग्रवाल, कलीमुन्ननिशा, मीरा देवी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, रविंद्र कुमार वर्मा, नियाज अहमद, मनोज कुमार गुप्ता, राजकुमार ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दर्ज कराई है।

ईओ अनिल कुमार को दिए ज्ञापन के दौरान अफसर अन्सारी, मनोज कुमार गुप्ता, बाबू जी अंसारी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार जायसवाल, अवधेश कुमार आर्य, डॉ राजकुमार गुप्ता, नियाज अहमद मौजूद रहे।उक्त के संदर्भ में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने बताया कि सभी आरोप निराधार है। एक षडयंत्र के तहत यह कार्य किया जा रहा है।

# जनपद में मिशन शक्ति 3.0 का अगाज,भ्रूण हत्या को रोकना बहुत जरूरी: जिलाधिकारी दीपक मीणा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 आन्दीबेन पटेल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि वित्तमंत्री भारत सरकार श्रीमती निर्मला सीतारमण, मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 3.0 का शुभारम्भ बर्चुअल किया गया। जिसका





लाइव प्रसार लोहिया कलाभवन में उपस्थित महिलाओं, बेटियो, बहनो एवं अधिकारी गण को लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। लोहिया कला भवन में सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह भी उपस्थित थे। मिशन शक्ति 3.0 के इस कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय द्वारा सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सन्त कुमार द्वारा जिलाधिकारी दीपक मीणा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात रघुवर प्रसाद जायसवाल शिशु इन्टर कालेज के छात्रध्छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके प्श्चात प्लान इेडिया के अन्तर्गत एक नाटक की प्रस्तुति की गयी तथा राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ की छात्राओं द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मिशन शक्ति 3.0 के अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मिशन शक्ति 3.0 का तृतीय चरण का शुभारम्भ किया गया है। महिलाओं को जागरूक करने तथा उन्हें सश्क्त बनाने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भ्रुण हत्या को रोकना भी बहुत जरूरी है। कोई समस्या होने पर हेल्पलाइन नम्बरो पर फोन करके अपनी समस्या दर्ज करा सकते है। आज के समय में सभी क्षेत्रों में महिलाये आगे है। लड़किया शिक्षित होकर दो घर चलाती है। हम सभी लोगो को अपने आस–पास यदि कोई हिंसा होती है तो उसके बारे में तुरन्त हेल्पलाइन नम्बर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचना दे। पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम 17 अक्टूबर 2020 को प्रारम्भ हुआ है। मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में महिला पुलिस चौकी की स्थापना की गयी है तथा प्रत्येक पुलिस चौकी पर महिला दरोगा की नियुक्ति की गयी है।सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि श्री एस0पी0 अग्रवाल ने मिशन शक्ति 3.0 के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत ही उपयोगी है। इससे महिलाओ पर होने वाले अत्याचारध्घरेलू हिंसा में कमी आयी है। मिशन शक्ति 3.0 के अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागोध्क्षेत्रों तक उत्कृष्ट कार्य करने वाली 75 महिलाओ को जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह, सासंद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल द्वारा सम्मान पत्र तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालय प्रवक्ता राजकीय कन्या इन्टर कालेज, तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर डा0 अपर्णा सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ओजस्वी राज, पी0 डी0 सन्त कुमार, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 योगेन्द्र लाल भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, सी0डी0पी0ओ0 खुनियावं मो0 अरशद, तथा अन्य संबधित अधिकारी, कर्मचारी, सम्मानित महिलाये तथा अन्य उपस्थित थे।

## शोहरतगढ़ पुलिस ने हत्या के आरोप में 4 को भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शनिवार को शोहरतगढ़ पुलिस ने




थानाक्षेत्र के नीबी दोहनी निवासी 4 लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। उक्त की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार को पंजीकृत मु0अ0सं0 193ध्21 धारा 304ध्323ध्504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण की सूचना मुखवीर द्वारा प्राप्त हुयी कि अभियुक्तगण अपने घर से अपना सामान लेके नेपाल राष्ट्र भागने की फिराक में है तत्काल थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों के घर पर दबिश देकर हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।हत्या के आरोप में धर्मेन्द्र पुत्र दुलारे, सुनील पुत्र दुलारे, अनिल पुत्र दुलारे, राजन पुत्र विष्णु निवासीगण नीबी दोहनी को जेल भेज दिया। उनके पास से कत्ल में प्रयोग 01 अदद बांस का डण्डा भी बरामद किया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह, उ0नि0 हरीओम कुशवाहा, हे0का0 अनिल कुमार लाल, हे0का0 ताड़क नाथ मौर्या, का0 सत्येन्द्र यादव, का0 आदित्य यादव आदि मौजूद रहे।

## श्रावण मास के समाप्त होने पर दिखी मन्दिरों में श्रद्धालुओ की लहर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाँसी। खेसरहा विकासखंड के मंदिरों में उमड़ी भीड़ श्रद्धालुओं



के चेहरे पर दिखी खुशी की पहल। सावन की पहली सोमवारी को लेकर जिले भर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। हालांकि, मंदिर और शिवालय बन्द होने के कारण लोगों में निराशा जरूर दिखी। लेकिन, लोगों ने पहली सोमवारी को पूरे मनोयोग से बाबा भोला की पूजा अर्चना की। गांव में स्थित काली स्थान सहित सभी मंदिरों में लोगों ने बाबा भोला को जल और बेलपत्र चढ़ा कर पूजा की। मंदिर का पट बन्द होने के कारण श्रद्धालुओं ने बाहर से पूजा अर्चना की। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया था। वही ग्राम पंचायत टिकुर में सावन महीने के पहले सोमवार से सभी सोमवार को टिकुर शिवाले पर अखंड रामायण का आयोजन किया गया तथा रुद्रा अभिषेक श्रद्धालुओं के द्वारा कराया गया आने वाले कई विगत वर्षों से इस शिवालय में ऐसी ही प्रक्रिया अपनाई जाती है जिसमें सावन मास के खत्म होने पर भजन कीर्तन एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें विनीत पांडे, गोबरी लोहार ,बाडू मल्ला ,प्रमोद पांडे ,तौलन यादव ,लालजी पांडे, कैलाश पांडे आदि समस्त ग्रामवासी सहयोग करते हैं

## पावर हाउस व सीएचसी में घुसा पानी, हो सकती है कभी भी दर्जनों गाँवों की विजली गुल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत नेबुआ,पेडारी मुस्तहकम, मछिया, सोनखर, डुमरिया, पिकौरा, बीरपुर मुस्तहकम, राऊडीला, पेडरियाजीत, धनोहरा, बेतनार, खंता सहित दर्जनों



गांव बाढ की चपेट में हैं। राप्ती के बढ़ते जलस्तर से ग्रामीणों में भय समाया हुआ है। कई दिनों से रुक रुक कर एवं भारी बारिश की वजह से जिले की लगभग सभी छोटी बड़ी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है जिससे बाढ़ की चपेट में सैकड़ों गाँव आ चुके हैं। कहीं कहीं तो सिर्फ फसलें ही डूबी हैं लेकिन कहीं कहीं गाँवों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है जिससे लोगों का पलायन भी गाँव से शुरू हो गया है। लोग घरों से आवश्यक एवं कीमती चीजों को साथ लेकर निकलने लगे हैं। पावर हाउस व सीएचसी नेबुआ में बाढ़ के पानी घुसने की वजह से इनसे सम्बंधित गाँवों की विजली भी कभी भी काटी जा सकती है जिसके वजह से अंधेरे में जलीय व जहरीले जंतुओं से भी कोई घटना घटित हो सकती है इसके बावजूद जिम्मेदार पूरी तरह ध्यान नही दे रहे हैं। विजली राम भरोसे चल रही है।सीएचसी नेबुआ के कर्माचारियों का कहना है कि कहीं पुल के पास किसी नें पानी बांध दिया गया है जिससे पानी नीचे नहीं जा रहा है जिसकी वजह से लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। यदि सम्बन्धित जिम्मेदारों ने जल्द ही कुछ सार्थक इंतजाम नहीं किया तो बिजली कभी भी बंद हो सकती है। जिस तेजी से राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है उसे देखते हुए इन सब स्टेशनों की विजली कभी भी बाधित हो सकती है जिसमे डुमरियागंज, तरहर, भानपुर, खानतारा, कठौतिया,भारतभारी, बेवां, बिथरिया आदि शामिल हैं। इन सब स्टेशनों की विद्युतापूर्ति बाधित होने से सैकड़ों गाँव अंधेरे में डूब जाएंगे।

## बाढ़ से निपटने के लिए पुलिस की तैयारी पुरी: सुरेश चंद्र रावत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बाढ राहत से निपटने के लिए पुलिस विभाग ने अपनी कमर कस ली है सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर ने बताया की पुलिस ने बाढ राहत से निपटने के लिए महत्वपूर्ण तैयारयां पूर्ण कर ली है सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर के मुताबिक बाढ़ से निपटने हेतु 03 आर0टी0 सेट दिनांकः 01.06.2021 से 31.10.2021 तक निम्न स्थानों पर लगाये गये हैं,1–ककरही–गोनहा बांध–थाना जोगिया उदयपुर, 2–बंजरहा बांधा–थाना खेसरहा, चौकी सकारपार 3–सिचाई विभाग के कार्यालय नौगढ़–थाना सिद्धार्थनगर। 2–जिला बाढ़ कण्ट्रोल रुम का मो0नं0–05544–220222,3–पुलिस जिला नियंत्रण कक्ष का मो0नं0–9454417467ध




05544–222101,4–बाढ़ से निपटने हेतु जनपद में कुल–19 अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित कर यथा–1–डुमरियागंज, 2–बड़हरा, 3–पेड़ारी, 4–पिकौरा, 5–भरवटिया बाजार थाना डुमरियागंज, 6–पेंदा, 7–सेहरी घाट थाना पथरा बाजार,, 8–विस्कोहर, 9–बिजौरा थाना त्रिलोकपुर, 10–प्राइमरी पाठशाला नन्द नगर, 11–प्राइमरी पाठशाला, तिलसड़ी, 12–प्राइमरी पाठशाला सिकरी बकरिया थाना मोहाना, 13–जिगनाधाम थाना इटवा, 14–ककरही पुल थाना जोगिया, 15–कस्बा बांसी राप्ती पुल थाना बांसी, 16–बानगंगा, 17–खैरा थाना शोहरतगढ़, 18–मुँहचुरवा घाट थाना ढेबरुआ, 19–सोहास थाना उसका बाजार पर कुल–11 उ0नि0 व 26 हे0कां0ध्कां0 की ड्यूटी संबंधित थानों से लगायी गयी है।,5–वर्ष–2021 में बाढ़ से निपटने हेतु 26वीं वाहिनी पीएसी 'बी'' कम्पनी गोरखपुर की 01 प्लाटून पीएसी दिनांकः 18.06.2021 को जनपद में प्राप्त हुई है, जो थाना शोहरतगढ़ क्षेत्रान्तर्गत शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में स्थापित है।,6–तहसीलवार स्थापित 71–बाढ़ चौकी पर 23 उ0नि0 तथा 107 हे0कां0ध्कां0 की ड्यूटी लगायी गयी है।,7–विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थापित 42–राहत केन्द्रों पर 15 उ0नि0 व 80 हे0कां0ध कां0 की ड्यूटी लगायी गयी है।,8–विभिन्न थानों क्षेत्रों में स्थापित 30–राहत शरणालयध शिविरों पर 05 उ0नि0 व 50 हे0कां0ध्कां0 की ड्यूटी लगायी गयी है।,

9–एन0डी0आर0एफ0 टीम के ठहरने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल–22 विद्यालयध स्थल पूर्व से चिन्हित किये गये हैं।,10–बाढ़ से निपटने हेतु विभिन्न थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे गोताखोरध्तैराकध्नाविकों की संख्या–74 है, जिन्हें सतर्क कर दिया गया है।,11–बाढ़ राहत से ड्यूटी में लगे पुलिस बल को लाइफ जैकेट, टार्च, रस्सा, व अन्य इक्विपमेण्ट के साथ सतर्क कर दिया गया है।,

## जल निकासी न होने से टूटी गई सड़क,आवागमन बाधित

### आजादी के वर्षो बाद भी गाँव मूलभूत सुबिधाओं से वंचित





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थ नगर। बर्डपुर न. 7 के टोला परसपुर अभी भी उपेछा का शिकार है। गाँव से सटे गड्ढे मे जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए बनाये गए नाले की साफ सफाई की समुचित ब्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़को पर बह रहा है जिससे सड़क टूट गई है. और गाँव से निकलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों ने बताया की या समस्या 20 वर्षो से है कई बार शिकायत के बाद भी निराकरण कराये जाने को लेकर जिम्मेदार गंभीर नही है। राम उग्रह, गीता देवी, राजेश, धर्मेंद्र, छेदी सहित दर्जनों ग्रामीणो ने बताया की गाँव से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क कीचड़ से सनी है वही दूसरी ओर टूटी सड़क पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार इस समस्या पर जन प्रतिनिधियों यब्म प्रशानिक अफसर समस्या का जल्द निराकरण का अस्वाशन देकर शांत करा दिया जाता है।लेकिन हर बार बारिश के मौसम मे जीना दूभर हो जाता है।मामला जानकारी मे है एडीओ पंचायत को जाँच के लिए भेजा हूँ जाँच आख्या आने के बाद जल्द ही गाँव के सभी समस्याओं दूर होंगी। नीरज कुमार – बी डीओ बर्डपुर

## बाढ प्रभावित गांवों को बाढ ग्रस्त घोषित करने की बनी सूची

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटवा/सिध्दार्थनगर। सिध्दार्थनगर बाढ के कहर से कई गांव



प्रभावित वही इटवा तहसील व डुमरियागंज तहसील के अंतर्गत विधानसभा डुमरियागंज के 33 गांव तथा विधानसभा इटवा के 35 गांव बाढ़ ग्रस्त घोषित करने की रिपोर्ट भेजी गई है।इन गांव में राजस्व विभाग नाव, राहत एवं सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है वीरपुर रतनपुर ,पेडरियाजीत सहित 14 गांव का निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया गया। वही उपजिलाअधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन जी ने बताया कि बाढ से प्रभावित इन गांवों को बाढ ग्रस्त घोषित करने की रिपोर्ट भेजी गई है। इन गांवों में सभी सुरक्षा व राहत कार्य पहुंचाया जा रहा है। किसी भी समस्याएं से निपटने के लिए बाढ राहत केन्द्र बनाया गया है।

# सम्पादकीय

**रणनीतिक तौर पर तालिबान मीठी–मीठी बातें कर रहा है लेकिन उसके अतीत को देखते हुए उस पर भरोसा करना कठिन है। अमेरिकी जल्दबाजी से आधुनिक हथियारों व वायुसेना पर तालिबान के कब्जे से आज वह दुनिया का सबसे शक्तिशाली आतंकी संगठन बन ...**

## अमेरिका पर दाग

देश–दुनिया में हो रही आलोचनाओं का बचाव करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति अफगानिस्तान के तुरत–फुरत तालिबान के कब्जे में आने के लिये अफगान सरकार व सेना को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। लेकिन दुनिया महसूस कर रही है कि युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में दो दशक से फंसे अमेरिका ने अपना पिंड छुड़ाने को तीन करोड़ अफगानियों को क्रूर तालिबानियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया है। सवाल पूछा जा रहा है कि दो दशकों में एक ट्रिलियन डॉलर खर्च करने और तीन लाख अफगान सैनिकों को प्रशिक्षित करने के दावे के बावजूद क्यों तालिबानियों को काबुल यूं आसानी से सौंप दिया। यदि सेना व सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप थे तो ये अमेरिकी सेना की नाक के नीचे क्यों होने दिया गया? सवाल यह है कि बाइडेन प्रशासन ने जब ट्रंप सरकार द्वारा लिये गये सेना वापसी के फैसले को क्रियान्वित किया तो सेना निकासी कार्यक्रम को योजनाबद्ध ढंग से क्यों अंजाम नहीं दिया गया? क्यों वैकल्पिक सरकार की व्यवस्था करके तालिबान को चरणबद्ध ढंग से लौटने को बाध्य नहीं किया गया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने फरवरी, 2020 में अमेरिका व तालिबान के बीच दोहा में हुए शांति समझौते पर भी सवालिया निशान लगा दिये हैं। आखिर जिस समझौते से स्थायी व व्यापक युद्धविराम तथा तालिबान व अफगान सरकार में वार्ता का मार्ग प्रशस्त होना था, वह हकीकत क्यों नहीं बन सका। अप्रैल में बाइडेन प्रशासन की सेना वापसी की घोषणा के बाद यह दांव उलटा क्यों पड़ गया। सवाल इस सारे प्रकरण में पाकिस्तान की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी है, जिसको लेकर अमेरिका का रुख अनदेखी का ही रहा। भारत ने तालिबान को बढ़ावा देने में पाक की भूमिका के बाबत पिछले माह दिल्ली आये अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन को अवगत कराया था, लेकिन वे भारत की चिंताओं को दूर करने में विफल रहे। सही मायनों में अमेरिका को विश्व जनमत के सामने ईमानदारी से अपनी नाकामी स्वीकार करनी चाहिए। अमेरिका में डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुने जाने के बाद दुनिया में उम्मीद जगी थी कि विश्व में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना को गति मिलेगी। चीन की मनमानी के खिलाफ यूरोपीय यूनियन से एकजुटता व जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर सक्रियता ने इस विश्वास को बढ़ाया था, लेकिन अफगानिस्तान के घटनाक्रम ने अमेरिका की नेतृत्वकारी भूमिका पर सवालिया निशान लगा दिये हैं। कोरिया, वियतनाम, इराक के साथ अफगानिस्तान की नाकामी भी अमेरिकी इतिहास में दर्ज हो गई है। अफगानिस्तान का जनमानस भय व असुरक्षा के बीच जी रहा है। फिर देश बीस साल पुरानी स्थिति में जा पहुंचा है। दुनिया के तमाम देशों के वे लोग जो अफगानिस्तान के विकास के लिये पहुंचे थे, आज तालिबान के रहमोकरम पर हैं। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब तालिबान ने शांति समझौते का पालन नहीं किया तो अमेरिका को अफगानिस्तान से निकलने की जल्दबाजी क्या थी? इस बीच तालिबान ने हमले व बम धमाकों का क्रम जारी रखा तो क्यों उसे समझौते के पालन के लिये बाध्य नहीं किया गया। अमेरिका ने सख्ती क्यों नहीं दिखायी? बहरहाल, बाइडेन प्रशासन की जल्दबाजी से जहां पूरी दुनिया में अमेरिका को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है, वहीं दुनिया आतंक की नई जमीन तैयार होने से आशंकित है। दरअसल, न तो अमेरिका व न ही संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन यह विश्वास दिलाने में कामयाब हो पाये हैं कि तालिबान के कब्जे में आये अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक मूल्यों व खासकर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा होगी।

## आतंक का नासूर और राजा फुर्र

शमीम शर्मा

अपने लॉन में बंदरों को आते देख मैंने खिलौना बंदूक से नकली बुलेट दाग कर जोर की आवाज की। ठांय की आवाज सुनकर बंदर तो टस से मस नहीं हुये पर घर के सामने बिजली की तार पर बैठे अनेक चिडिया–कबूतर डर के मारे तपाक से उड़ लिये। ठीक इसी तरह के डर से अफगानिस्तान का शासक भी अपने हौसले, हिम्मत, धर्म और आत्मा को हड़ाबड़ी में फेंककर और अपने माल को झोले में समेट कर भाग खड़ा हुआ। देखते ही देखते पूरी प्रजा भाग्य और भगवान के हवाले हो गई और उनके चेहरों की मुस्कान और उम्मीदें भी घबराई हुई चिडिया की तरह फुर्र हो गई। जिनके कन्धों पर प्रजा की हिफाजत की जिम्मेवारी थी, वे ही फुर्र हो गये, जिस सेना ने दुश्मनों को चने चबवाने थे, वह खुद ही चने चबाने लग गई। तालिबानियों के क्रूर चेहरे देखकर लोगों में कोहराम–सा मच गया। लोग ठगे से रह गये।

अफगानिस्तान के बच्चों–महिलाओं और आम नागरिकों की दशा और लावारिस में कोई फर्क नजर नहीं आ रहा। उनके चेहरों की बेबसी ने हवाइयां उड़ा दी हैं और वे वहां से उड़ कर भाग जाना चाहते हैं। सड़कों पर खुलेआम बंदूकधारियों, मिसाइलों और टैंकों को देख रोमांचित नहीं बल्कि घबराहट में मरे जा रहे हैं। जान बचाने के लिये हवाई जहाज के टायरों से चिपट कर या उसके पंखों से लिपट कर किसी तरीके अफगानिस्तान से पलायन चाहते हैं। इसे ही जिजीविषा कहा जाता है। जिंदगी गठरी में लिपटी हुई अमूल्य दौलत हो गई है जिसे उठाकर सब किसी सुरक्षित ठिकाने पर पहुंच जाना चाहते हैं।

विस्थापित होने का भय और जान का जोखिम अफगानिस्तान के आम जन के चेहरे पर भयावह भाव की तरह पुत गया है। लगता है कि सेल्फी लेने वालों के हाथ कानून से भी लम्बे होते हैं। लोग बदहवासी में जिंदगी की डोर भी ढूंढ़ रहे हैं और साथ ही सेल्फ वीडियो बनाने में भी जुटे हैं ताकि ये वीडियो ही कल को उनकी बदहवासी का प्रमाण बनें।

तालिबान के फरमान महिलाओं को आतंकित करने में जुट गये हैं। बेशर्मी के नकाब हटाकर तालिबानियों ने औरतों की आजादी पर कालिख पोत दी है। रातोंरात बुर्का बेचने वालों की चांदी हो

## डिजिटल करेंसी रुपया की राह आसान नहीं

**हाल ही में 2021 क्रिप्टोकरेंसी एंड रेगुलेशन अश्वफ अश्वफिशियल डिजिटल करेंसी बिल का मसौदा तैयार किया गया है, जिसे भारत के डिजिटल करेंसी रुपया को मूर्त रूप देने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है, पर यह बिल सिर्फ कानूनी ढांचा भर है। आभासी मुद्रा विकसित करने या उसे नियंत्रित करने या उसे लागू करने की प्रक्रिया के बारे में स्पष्टता अभी भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर इसकी ...**

सतीश सिंह

भारतीय रिजर्व बैंक बिटकॉइन जैसी डिजिटल करेंसी रुपया को जारी करने की दिशा में काम कर रहा है। अनुमान के मुताबिक प्रस्तावित डिजिटल करेंसी रुपया की कीमत निश्चित होगी और इसका मूल्य प्रिंटेड करेंसी रुपया के समान होगा। रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी रुपया की ट्रैकिंग भी कर सकेगा। भारत में बिटकॉइन जैसी आभासी मुद्रा का इस्तेमाल व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। नौ जुलाई, 2021 तक भारत में 15 मिलियन लोग आभासी मुद्रा का उपयोग कर रहे थे, जबकि जून, 2021 तक दुनिया भर के देशों में 221 मिलियन लोग आभासी मुद्रा का इस्तेमाल कर रहे थे। श्वर्ल्डपेय एक कारोबारी सेवा और भुगतान प्रसंस्करण प्रदाता है, जो ऑनलाइन लेनदेन के लिए भुगतान गेटवे प्रदान करता है और वित्तीय सूचना प्रणाली (एफआईएस), जिसका कार्य सूचना एकत्र करना और उसकी व्याख्या करना है, के एक अध्ययन के अनुसार भारत में 40 प्रतिशत ई–कॉमर्स का भुगतान डिजिटल वालेट्स से किया जा रहा है। स्वीडन में 50 प्रतिशत खुदरा विक्रेता वर्ष 2025 तक नकदी, भुगतान के रूप में लेना बंद कर देंगे। इंग्लैंड में भुगतान में बैंक नोट्स की हिस्सेदारी वर्ष 2028 तक घटकर महज 9 प्रतिशत रह जायेगी। जापान में 28.6 प्रतिशत डिजिटल भुगतान किये जा रहे हैं, जबकि दक्षिण कोरिया में 96 प्रतिशत भुगतान डिजिटली हो रहे हैं। डिजिटल करेंसी रुपया को भारतीय रिजर्व बैंक मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप के माध्यम से सीधे उपयोगकर्ता को भेज सकेगा, जिसे प्राप्त करने के बाद व्यक्ति उस डिजिटल करेंसी रुपया को किसी दूसरे व्यक्ति को अंतरित कर सकता है। भेजी गई डिजिटल करेंसी रुपया न तो किसी वॉलेट में जमा होगी और न ही किसी बैंक खाते में। रिजर्व बैंक का मानना है कि डिजिटल करेंसी के अस्तित्व में आने के बाद, वैसे लोग जिन्हें अभी बिटकॉइन या किसी दूसरी आभासी मुद्रा में खरीद–फरोख्त करने से नुकसान हो रहा है, से उन्हें बचाया जा सकेगा। हालांकि, मौजूदा परिप्रेक्ष्य में, डिजिटल करेंसी रुपया के आने के बाद भी बिटकॉइन या दूसरे आभासी मुद्राओं के इस्तेमाल में किसी तरह की कोई कमी आने की संभावना नहीं है, क्योंकि बिटकॉइन या दूसरे आभासी मुद्राओं में मुनाफा ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर 12 अगस्त, 2021 को 1 बिटकॉइन की कीमत 33,59,637 रुपये थी। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) नकदी का इलेक्ट्रॉनिक रूप है। सीबीडीसी कुछ हद तक क्रिप्टोकरेंसी या आभासी मुद्रा जैसे बिटकॉइन या ईथर के तर्ज पर काम करेगा, क्योंकि इनका लेनदेन बिना किसी मध्यस्थ या बैंक के होता है। फिलवक्त, बिटकॉइन या इस जैसी अन्य क्रिप्टोकरेंसी निजी तौर पर जारी की जा रही है, जिसके कारण इन पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है। इसके अधिकांश उपयोगकर्ता गुमनाम रहकर इनका लेनदेन करते हैं। आज आतंकी व गैरकानूनी गतिविधियों में क्रिप्टोकरेंसी का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके इस्तेमाल का एक बड़ा कारण जल्द से जल्द अमीर बनने की ललक भी है, क्योंकि आभासी मुद्राओं की कीमत में तेजी से उतार–चढ़ाव आता है। चीन ने वर्ष 2014 में सीबीडीसी एक अनुसंधान समूह बनाया था और अप्रैल, 2020 में डिजिटल करेंसी पर दो पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए थे, जिसके तहत लॉटरी प्रणाली से ई–युआन बांटे गए थे। जून, 2021 तक 2.4 करोड़ लोगों और कंपनियों ने डिजिटल युआन के वॉलेट बना लिए थे। वर्ष 2015 में यूनाइटेड किंग्डम ने डिजिटल करेंसी को अपने अनुसंधान के एजेंडे में शामिल किया था। वर्ष 2016 में बैंक ऑफ कनाडा ने डिजिटल करेंसी के लिए प्रोजेक्ट जेस्पर शुरू किया था। वर्ष 2017 में फ्रांस ने डिजिटल करेंसी के लिए प्रोजेक्ट एमएडीआरई शुरू किया था। वर्ष 2018 में कोरियाई बैंक ने डिजिटल करेंसी पर काम शुरू किया। वर्ष 2019 में यूरोपीय बैंक ईसीबी ने डिजिटल यूरो प्रोजेक्ट शुरू किया। वर्ष 2021 में अमेरिका ने 5 डिजिटल डॉलर की पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की है। जनवरी, 2021 में बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स ने कहा कि दुनियाभर के 86 प्रतिशत केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी को विकसित करने पर काम कर रहे हैं। डिजिटल करेंसी रुपया के अनेक फायदे हैं, जैसे इसके आने से नकदी पर निर्भरता कम हो जायेगी, डिजिटल लेनदेन से भुगतान प्रणाली सरल एवं तेज होगी, लागत में कमी आयेगी और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लग सकेगा। प्रिंटेड करेंसी या मुद्रा की छपाई, रखरखाव, लेनदेन आदि की लागत बहुत अधिक है। डिजिटल करेंसी रुपया के लिए किसी व्यक्ति को बैंक खाता रखने की भी जरूरत नहीं होगी। इसका लेनदेन ऑफलाइन भी किया जा सकेगा। डिजिटल करेंसी रुपया के संदर्भ में तकनीकी नवोन्मेष से जुड़ी चुनौतियां भी मौजूद हैं और आर्थिक स्थायित्व के विकल्पों के पड़ताल में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में 2021 क्रिप्टोकरेंसी एंड रेगुलेशन ऑफ ऑफिशियल डिजिटल करेंसी बिल का मसौदा तैयार किया गया है, जिसे भारत के डिजिटल करेंसी रुपया को मूर्त रूप देने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है, पर यह बिल सिर्फ कानूनी ढांचा भर है। आभासी मुद्रा विकसित करने या उसे नियंत्रित करने या उसे लागू करने की प्रक्रिया के बारे में स्पष्टता अभी भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर इसकी व्यावहारिक दिक्कत भी है क्योंकि भारत में अधिकांश लोग न तो वित्तीय रूप से साक्षर हैं और न ही तकनीक की जानकारी रखते हैं। सभी भारतीयों के पास स्मार्टफोन भी नहीं है।

## समुद्री सुरक्षा को लेकर भारत की प्रतिबद्धता

**चीन अपनी थलीय–जलीय सीमा विवादों में बल प्रयोग करने में जरा भी हिचकिचा नहीं रहा। भारत के साथ सीमा संबंधी इसके असामान्य दावों में लंबे समय तक तनाव बने रहने के बाद हाल ही में बड़ी लड़ाई होने की नौबत बन गई थी, इसका मंजर विश्वभर ने पिछले साल लद्दाख प्रसंग में देखा। अभी भी चीन ने देपसांग और गोगरा जलधारा क्षेत्र से अपने सैनिक पीछे नहीं हटाए हैं, जिनको पिछले साल कब्जाया...**

जी. पार्थसारथी

नौ अगस्त के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समुद्रीय सुरक्षा को लेकर संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद बैठक की अध्यक्षता करने वाले भारतीय प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई की है। इस वार्ता में विश्व के अनेक शीर्षस्थ नेताओं ने भाग लिया था, रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन, कीनिया के राष्ट्रपति युहूरू केन्याटा, वियतनाम के प्रधानमंत्री फैम मिन्ह चिन और अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देशों के संयुक्त मंच श्अफ्रीका यूनियन्य के अध्यक्ष फेलिक्स तशीकेदी इत्यादि थे। अमेरिका और फ्रांस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री स्तर पर क्रमशरू एंथनी ब्लिंकेन और जीन वाईवेस ला ड्राएन ने किया था। यह पक्का है कि राजनयिक नामोशी की आशंका के चलते चीन ने अपना प्रतिनिधित्व कनिष्ठ ओहदे के जरिए करना तय किया था, लिहाजा उसकी उपस्थिति संयुक्त राष्ट्र में स्थाई उप–प्रतिनिधि गेंग शुआंग के रूप में थी।

अलबत्ता पाकिस्तान की अपने बड़बोले विदेश मंत्री के जरिए बात रखने की पेशकश को ठुकरा दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय नौवहनीय मार्गों की सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इसे मानवता की संयुक्त विरासत और मुल्कों के बीच व्यापार के लिए जीवनरेखा बताया। उन्होंने देशों के बीच जारी विभिन्न समुद्रीय विवादों से दरपेश समस्याओं और चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अनेकानेक वैश्विक चुनौतियां जैसे कि मौसम में बदलाव, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, समुद्री डाकू और सागरीय सीमा विवादों की वजह से महासागरों का काफी महत्व है। उन्होंने वैश्विक नौवहनीय सुरक्षा के मामले में वैधा समुद्री व्यापार मार्गों में खड़ी हुईं अड़चनों को आपसी समझ और सहयोग बनाकर सुलझाने पर बल दिया। मोदी ने अनुरोधा किया कि नौवहनीय विवादों का निपटारा केवल शांतिपूर्ण ढंग से और अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर होना चाहिए। उनके इस संबोधन को परिषद द्वारा अंगीकार करने का अर्थ है समुद्रीय सीमा विवादों को सुलझाने में सुसपष्ट मानदंड का खाका बनना। चीन ने हिंद–प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में अपने पड़ोसी मुल्कों से जारी जलीय–थलीय सीमा विवादों के निपटारे में लगातार बल प्रयोग वाला एक नया रंग–ढंग अपना लिया है।

जबकि भारत ने अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ लगभग तमाम जलीय सीमा विवादों को हल कर लिया है, केवल पाकिस्तान के साथ नौवहनीय सीमारेखा निर्धारित करनी बाकी है। जबकि चीन के जलसीमा विवाद जापान, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, वियतनाम, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रूनेई और ताइवान इत्यादि देशों के साथ जारी है।

इन समुद्रीय विवादों के अलावा चीन का थलीय सीमा को लेकर झगड़ा लाओस, मंगोलिया, म्यांमार, भारत, नेपाल और भूटान के साथ है। तिब्बत के साथ भी इसकी थलीय सीमा पर सवाल उठते हैं, क्योंकि उसने कभी तिब्बत पर अपनी सार्वभौमिकता का उपयोग नहीं किया है, जिसके ऐतिहासिक रूप से अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मध्य एशियाई पड़ोसी मुल्कों और दक्षिण एशिया में नेपाल, भारत और भूटान से खास संबंध रहे थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति की बैठक में अमेरिका और फ्रांस के विदेश मंत्रियों की उपस्थिति होना चीन के तमाम जलीय–थलीय सीमा विवादों पर वैश्विक सरोकार का संकेत है। जो बताता है कि भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा उठाए बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी ताकतें वैश्विक नौवहनीय विषयों पर चिंतातुर हैं।

चीन अपनी थलीय–जलीय सीमा विवादों में बल प्रयोग करने में जरा भी हिचकिचा नहीं रहा। भारत के साथ सीमा संबंधी इसके असामान्य दावों में लंबे समय तक तनाव बने रहने के बाद हाल ही में बड़ी लड़ाई होने की नौबत बन गई थी, इसका मंजर विश्वभर ने पिछले साल लद्दाख प्रसंग में देखा। अभी भी चीन ने देपसांग और गोगरा जलधारा क्षेत्र से अपने सैनिक पीछे नहीं हटाए हैं, जिनको पिछले साल कब्जाया था। फरवरी, 1979 में चीन और वियतनाम के बीच चला इलाकाई विवाद पूर्ण युद्ध में तब्दील हो गया था, जब चीन ने टैंकों और तोपों समेत 2 लाख सैनिकों के साथ वियतनाम को श्सबक सिखानेय के लिए धावा बोल दिया था।

लेकिन वियतनाम की कड़ी टक्कर से यह चढ़ाई फजीहत में बदल गई। इस प्रसंग में चीन ने वियतनाम के कुछ जलीय इलाके पर भी अपना हक जताया था। आगे चलकर चीन ने अपनी नौसैन्य ताकत का प्रभाव बरतते हुए वियतनाम के समुद्री सीमा में घुसपैठ जारी रखी और आज भी कर रहा है। परंतु हैरानी की बात है कि वियतनाम को स्वदेश निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस करने वाली अपनी पेशकश से भारत पीछे हट गया है। फिर भी, वियतनाम वह देश है, जिसकी साख और जीवटता के चलते भारत, रूस और यहां तक कि अमेरिका भी सहायता करने को तैयार हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि कैसे भारत ने अंतर्राष्ट्रीय न्याय का सम्मान करते हुए बंगाल की खाड़ी में एक टापू बांग्लादेश को सौंप दिया था, जब अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने फैसला बांग्लादेश के हक में सुनाया था। वहीं 2016 में जब अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने फिलीपींस की जलीय सीमा के अंदर कई टापुओं पर चीनी दावों को खारिज कर फैसला फिलीपींस के हक में सुनाया तो चीन ने इसको खुलेआम खारिज करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून को धता बताया। चीन ने कब्जाए गए इन टापुओं पर फिलीपींस की किसी प्रकार की पहुंच को बलपूर्वक रोक रखा है।

वियतनामी माहिरों न्गयूयेन होंग थाओ और न्गयूयेन थी लाहुआंग ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून न्यायाधिकरण के फैसले का विस्तृत अध्ययन करने केबाद कहा रू दक्षिण चीन सागर के इस सीमा विवाद मामले में फैसला अपने हक में आने के बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति रॉड्रगो ड्यूटेयर ने सावधानीवश और अपनी जीत को ज्यादा तूल न देते हुए वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में जोर देकर कहा था रू श्न्यायाधिकरण का फैसला अब अंतर्राष्ट्रीय कानून का अंग है, समझौते से परे है, और उन प्रयासों से भी परे है कि सरकारें इसको अपने हिसाब से कमतर, मिटा या बुहार कर एकतरफ कर सकें।य यह हैरानी की बात है कि आसियान संगठन के कुछ देश जैसे कि मलेशिया और ब्रूनेई इस अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के फैसले को आधार बनाकर अपनी जलीय सीमा बचाने के लिए चीन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती देने से कतरा रहे हैं। इसके अलावा आसियान मुल्क बतौर एक समूह चीन के सीमा संबंधी दावों को चुनौती देने में एकजुट नहीं हो पाए। हालांकि, इंडोनेशिया ने चीन के विस्तारवाद पर सख्ती से अमल करते हुए अपनी समुद्रीय सीमा में सैन्य दृढ़ता दिखाई है।

बतौर क्षेत्रीय संगठन आसियान गठबंधन फिर किस काम का अगर यह अपने उन सदस्यों के साथ नहीं खड़ा हो पा रहा जिन्हें विस्तारवादी और दूसरों पर अपनी महत्वाकांक्षा थोपने वाले चीन से सीमाओं का अतिक्रमण झेलना पड़ रहा है? क्वाड संगठन के सदस्य, जिनकी आसियान देशों के साथ औपचारिक संवाद भागीदारी है, यदि वे आसियान की उच्चस्तरीय बैठकों में इन मुद्दों को, द्विपक्षीय और संयुक्त, दोनों को उठाएं, तो उपयोगी होगा। भारत के आसियान संगठन से अच्छे संबंध हैं, जिसे बतौर क्षेत्रीय गुट सम्मिलित रूप से यह तय करना है कि क्या किसी सदस्य द्वारा अपनी इलाके को छोड़कर चीन के सामने आत्मसमर्पण करना वांछित घटनाक्रम है। भारत बतौर एक क्वाड सदस्य इन मुद्दों को इस गुट के अन्य सदस्य, जिनकी आसियान सदस्यों से संवाद सहभागीदारी है, आसियान के सम्मेलन में उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## 14636 लोगों को लगा कोरोनारोधी टीका

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हर व्यक्ति कोरोनारोधी टीका लगवाना चाहता है। हाल यह है कि टीका केंद्रों पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। शहर हो चाहे गांव अभी भी अधिकांश लोग न तो रजिस्ट्रेशन कर पा रहे हैं और ना ही स्लाट बुक पा रहे हैं। ऐसे में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। टीका लगवाने के लिए लोग पूरा दिन जुगाड़ खोज रहे हैं। टीका लगवाने का मामला जन प्रतिनिधियों तक पहुंच रहा है लेकिन उसके बाद भी सख्त नियम के कारण टीका नहीं लग पा रहा है। गुरुवार को 89 केंद्रों पर 14636 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिले में कुल 10120 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 वर्ष से 45 वर्ष तक 10120 लोगों को प्रथम डोज व 415 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 2389 को प्रथम व 426 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 951 को प्रथम डोज व 299 को द्वितीय डोज दिया गया। जिला अस्पताल में टीका लगवाने के लिए लंबी लाइन लगी रही। यहां स्लाट बुक कराने के बाद ही लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। दूर–दूर से पहुंचे लोगों ने कोरोनारोधी टीका लगवाया। विदेश जाने वाले लोग टीका लगवाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे।

## 2607 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव, एक भी नया केस नहीं

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ है। हाल यह है कि लगातार तेरह दिन से जिले में कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला है। जिले को कोरोना मुक्त घोषित कर दिया गया है। इसके बाद भी कोरोना की जांच अधिक से अधिक कराई जा रही है। जिससे संक्रमण कहीं भी हो तो सामने आए। जिले में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा भी उपलब्धा है ऐसे में यहां जांच के बाद चौबीस घंटे के अंदर रिपोर्ट मिल जा रही है। गुरुवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 2607 की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। 24 घंटे में 2358 लोगों की सैंपलिग की गई। अभी तक कुल 828952 लोगों की सैंपलिग कर जांच की जा चुकी है। जिले में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 20212 है। अभी तक 19994 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना से जिले में अभी तक 218 लोगों की मौतें हुई है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी को हराने में सभी का सहयोग रहा है। सिर्फ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी अकेले कुछ नहीं कर पाएंगे। आम जन स्वयं इस महामारी से निपटने में आगे रहा है और सहयोग किया है। कोरोना के प्रति सावधानी आज भी जरूरी है। कोविड प्रोटोकाल कर पालन हर हाल में करें। इसे नजरअंदाज न करें। कर्नाटक, केरल, गुजरात से आने वालों पर नजर रखी जा रही है। वहां से आनी वाली ट्रेनों के यात्रियों की कोविड जांच शुरू कराई जाएगी।

## अधिकारियों की उदासीनता से नहीं बदले जा सके बिजली तार

खुखुंदू, देवरिया । प्रदेश सरकार की तरफ से बिजली व्यवस्था को भले ही सुदृढ़ करने का दावा किया जा रहा है लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से बिजली उपकेंद्र खुखुंदू की समस्याएं जस की तस है। गावों को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल रही है। इसकी वजह सलेमपुर से खुखुंदू के बीच लगे बिजली तार काफी पुराने व जर्जर होने के बाद भी नहीं बदले जा सके हैं। 133द्11 केवी खुखुंदू सब स्टेशन की स्थापना 1962 में हुई। 58 सालों में सलेमपुर से खुखुंदू के बीच तार बदलने का काम नहीं हुआ, जिससे हल्की बारिश व हवा चलने से तार टूटकर गिर जाते हैं और आपूर्ति ठप हो जाती है। तार बदलने की तरफ विभाग ने ध्यान नहीं दिया। खुखुंदू सब स्टेशन में कुल चार फीडर हैं। ईस्ट फीडर नूनखार, बाजार वेस्ट फीडर से शेरवा बभनौली की तरफ, नार्थ फीडर से गड़ेर, साउथ फीडर से खुखुंदू बैदौली के करीब ढाई सौ गावों के 50 हजार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। कर्मचारियों की संख्या काफी कम हैं।

## जल भराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण नही हो रहा निस्तारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। गांव निवासी महानन्द मिश्रा, मिशश्रीलाल



प्रजापति, रामप्रताप, रामसजन, मुरलीधर मिश्रा, रामरक्षा आदि के दरवाजे पर भर पानी लगा हुआ है। इतना ही नहीं महानन्द मिश्र के नाबदान के रास्ते घर के आंगन में पानी घुस गया है। भरसी गांव के दक्षिण दलित बस्ती और स्वर्ण बस्ती के बिच एक गड़ही है। वर्षात के दिनों में उफनाने पर इसका पानी गांव के पुरब तरैना नाले में बह कर चला जाता था। लेकिन गांव में दोनों तरफ बने इंटरलाकिंग और खड़ंजा मार्ग में कही भी जल निकासी के लिए पाइप नही पड़ी हैं। जिसके चलते विगत वर्ष से ही यहां जल भराव हो रहा है। और लोग नारकीय स्थिति का सामना कर रहे हैं। लेकिन मानिंद इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। यहां पर जल भराव से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। और जल जनीत बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीण काफी भय भीत है। घर के छोटे बच्चे घरों में कैद हो कर रह गए हैं। यदि निकल रहे हैं। तो पानी में गीर कर चोटिल हो रहे हैं। इस बारे में जब बीडीओ सुनील कुमार कौशल से बात कीया तो उन्होंने कहा कि हम अभी उस गांव के विकास अधिकारी को भेज कर जल निकासी का प्रबंध कराते हैं.

## कांग्रेस का जय भारत महा जनसंपर्क अभियान जारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। गोला नगर पंचायत के नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाष चन्द्र दास अपने नगर कमेटी के साथ गोला के गोपालपुर इलाके में जय भारत महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से मिले तथा अपील किए कि सभी लोग कांग्रेस की नीतियों को समझें और आगे आने वाले भविष्य में कांग्रेस की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसी पार्टी है जो महंगाई को कम कर सकती है और लोगों को उनका हक दिला सकती है।इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कमेटी के सदस्य व कार्यकर्ता तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भटनी, बनकटा व देसही देवरिया के बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

देवरिया। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में शुक्रवार को विकास खंडों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित मिलने पर देसही देवरिया की संयुक्त खंड विकास अधिकारी बसंती देवी से स्पष्टीकरण मांगा। बैठक में एडीओ आइएसबी को भेजने पर भटनी के खंड विकास अधिकारी व कार्य में शिथिलता बरतने पर बनकटा के खंड विकास अधिकारी से भी स्पष्टीकरण मांगा। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2020–21 में गौरीबाजार को छोड़ कर अन्य विकास खंडों में प्रगति काफी खराब पाई गई। 28 आवासों के खातों का सत्यापन तक नहीं किया गया। साथ ही 22 आवासों की प्रथम किस्त तो 1326 आवासों का तृतीय किस्त जारी नहीं की गई। 114 आवास अभी भी अधूरे हैं। देसही देवरिया व लार की प्रगति सबसे खराब रही। तीन दिनों के अंदर प्रगति न मिलने पर खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने का सीडीओ ने निर्देश दिया। 2021–22 में आवंटित आवासों की दूसरी किस्त अगस्त के अंतिम तक जारी करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना की भी यही स्थिति रही। 49 में से एक आवास के खाते का सत्यापन तक नहीं किया गया। सीडीओ ने कहा कि सितंबर माह तक 2021–22 के निर्धारित स्वयं सहायता समूहों का गठन हर हाल में कर लें। सीआइएफ में विकास खंड बनकटा में लक्ष्य 15 के सापेक्ष प्रगति शून्य पाई गई। जिस पर बनकटा खंड विकास अधिकारी को नोटिस जारी किया गया। मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक जाब कार्ड धारक श्रमिकों को रोजगार दिए जाए, मोबाइल मानिटरिग सिस्टम से श्रमिकों की उपस्थित दर्ज करने, मनरेगा पार्क, खेल के मैदान, पोषण वाटिका, प्राथमिक विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाने का निर्देश दिया। जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के सोशल आडिट के लिए पंचायतवार तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राखी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर द्वारा शनिवार को ऑनलाइन राखी बनाओं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों ने मनमोहक राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें निधि गुप्ता प्रथम, साधना द्वितीय व श्वेता तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के निदेशक जे.के. जायसवाल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के पवित्र प्रेम का त्योहार है। रक्षाबंधन की अनेक पौराणिक कथाएं हैं।मान्यता है कि इंद्राणी ने श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर द्विजों से स्वस्तिवाचन करवा कर रक्षा का तंतु लिया और इंद्र की दाहिनी कलाई में बांधकर युद्धभूमि में लड़ने के लिए भेज दिया। श्रक्षा बंधनश् के प्रभाव से दैत्य भाग खड़े हुए और इंद्र की विजय हुई। राखी बांधने की प्रथा का सूत्रपात यहीं से होता है।एक बार भगवान श्रीकृष्ण के हाथ में चोट लग गई तथा खून की धार बह निकली। यह सब द्रौपदी से नहीं



देखा गया और उसने तत्काल अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण के हाथ में बांध दिया फलस्वरूप खून बहना बंद हो गया। कुछ समय पश्चात जब दुःशासन ने द्रौपदी की चीरहरण किया तब श्रीकृष्ण ने चीर बढ़ाकर इस बंधन का उपकार चुकाया। रक्षाबंधन से सम्बन्धित अनेक ऐतिहासिक प्रसंग भी इसकी महत्ता को बताते हैं। विद्यालयों में इस तरह के रचनात्मक आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है तथा उन्हें अपनी संस्कृति का ज्ञान प्राप्त होता है।ऑनलाइन राखी बनाने के लिए बच्चों को शिक्षिकाओं ने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और अभिभावकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर दीपक सिंह, चंद्रकला मौर्य, नूर जाफर, वर्षा श्रीवास्तव,कुसुम, चंद्रमति यादव, सुमन, सुप्रिया मिश्रा,निशा आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ में दिखा मगरमच्छ मौके पर वन विभाग रही मौजूद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बांसी बूढ़ी राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ क्षेत्र में ककरही के सूपाघाट के समीप दिखा मगर मच्छ मौके पर पहुँचे वन रेंज अधिकारी बाँसी मंतराम लिया स्थल का जायजा,सैकड़ो लोगों की लगी देखने वालों की भीड़ क्षेत्र मे बना भय का माहौल,ककरही गायघाट मार्ग सूपाघाट गांव के उत्तर तरफ बूढी राप्ती नदी से सटे गड्डे मे फसा मगर मच्छ और जांच में जुटी वन विभाग।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया मुहर्रम

देवरिया । मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। कर्बला में कहीं भी न तो मेले लगे और ना ही ताजिया जुलूस निकाले गए। कोविड प्रोटोकाल का पालन किया गया। लोगों ने घर के अंदर व सामने ताजिया रखा और वहीं इबादत की। सुरक्षा को लेकर चारो तरफ पुलिस चप्पे–चप्पे पर मुस्तैद रही। जिन लोगों ने मन्नतें मांगी थी उन्होंने अपनी ताजिया अलीनगर स्थित कर्बला में ताजिया दफन की। इस दौरान कहीं कोई जुलूस नहीं निकाला गया। उधर नौवीं व दसवीं मुहर्रम का जुलूस भी नहीं निकाला गया। क्षेत्र में ताजिया की संख्या भी काफी कम रही। अबूबकर नगर में अधिकतर लोगों ने घरों में छोटी ताजिया रखी लोगों ने घरों में व दरवाजे के सामने बने चौक पर पैगम्बर मुहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के 72 शहीदों के नाम पर फातिहा पढ़ा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में युवक युवतियों ने हादरा–हुदरी बनकर मुल्क की गंगा–जमुनी तहजीब को मजबूत किया। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार अन्य पर्वों की तरह इस वर्ष मुहर्रम के पर्व में भी वीरानी छाई रही। शुक्रवार को मुहर्रम के मौके पर न तो जुलूस निकले और न तो मेले लगे। उप नगर सहित, भवानी छापर बाजार, चकिया कोठी, भिगारी बाजार, सरयां, कुकुरघांट, सिकटिया,पड़री बाजार, बखरी बाजार, बनकटा, सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग, खामपार, बहोरवा, भठवा तिवारी आदि कही भी ताजिया का मेला नहीं लगा। सुरक्षा की दृष्टि से उप जिलाधिकारी ध्रुव शुक्ला, तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार करण सिंह, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल क्षेत्र में दौरा करते रहे। क्षेत्राधिकारी पंचम लाल ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। खुखुंदू संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के खुखुंदू, जैतपुरा, खिरसर, खजुरी, जुआफर, नरौली खेम, नरौली भिखम, बसडीला, दुलहु, भैसहा आदि गावों में ताजिए का त्योहार घरों पर ही मनाया गया। एकौना संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र में कुल बयालीस ताजिया रखी गई। जग्गनाथपुर में ताजिया कि चौकी को लेकर दो पक्षों में विवाद की स्थिति को पुलिस ने संभाला। बरहज संवाददाता के अनुसार मुहर्रम शुक्रवार को खामोशी के साथ मनाया गया। कोरोना गाइडलाइन के चलते इस बार भी मुहर्रम में न तो जुलूस निकाले गए और न ही अखाड़े। ताजियेदारों के यहां चौकों पर छोटी–छोटी प्रतीकात्मक ताजियों के द्वारा मुहर्रम पर फातिहा व दुआएं की गई। प्रशासन भी जगह–जगह मुस्तैद रही।

## मछली मारने गये युवक की डूबने से मौत

### डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा गांव के पुल की घटना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। शनिवार को डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा गांव में सेखुई गोबर्धन गांव निवासीअट्ठाइस वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गयी बाढ़ के पानी में दोस्तों के साथ नहाने गया था।पुलिस ने पंचनामा कर लाश को परिजनो को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सेखुई गोबर्धन गांव निवासी



ताहिर सिद्दीकी (28साल) अपने दोस्तों के साथ धनोहरा गांव के पुल के पास नहाने गया इसी दौरान उसका पैरा फिसला और गहरे पानी मे चला गया जहां डूबने लगा जबतक लोग बचाने का प्रयास करते तब तक बाढ़ के पानी के तेज बहाव के कारण बहने लगा किसी तरह लोगों ने काफी मस्क्कत से उसे निकाला और सीएचसी वेवां ले गये जहां डक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक ताहिर सिद्दीकी अपने पीछे चार साल की बेटी नाजिया खातून पत्नी नफीसा खातून को जो आठ माह की गर्भवती है छोड़ गया।सूचना पर पहुंचीं डुमरियागंज पुलिस ने लाश का पंचनामा कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज शैलेष कुमार सिंह ने कहा कि परिजनों ने लाश का पीएम करवाने से मना कर दिया है।लाश का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# उत्तर मध्य रेलवे की ओलंपिक खिलाड़ी गुरजीत और निशा का प्रयागराज आगमन पर उत्तर मध्य रेलवे में हुआ भव्य स्वागत

प्रयागराज। टोक्यो ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली भारतीय हॉकी टीम की दो सदस्याओं गुरजीत कौर और निशा वारसी का प्रयागराज आगमन पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आज शुक्रवार 20.08.2021 को भव्य स्वागत किया गया। रेल गॉव कॉलोनी के मुख्य द्वार से गुरजीत और निशा को सजी–धजी ओपेन जिप्सी में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय तक लाया गया और मार्ग में आरपीएफ बैंड उनके वाहन के आगे सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा धुन बजाते हुए चल रहा था। उनके साथ उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी और खिलाड़ी भी शामिल थे और लोगों ने रास्ते में उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर उनका सम्मान किया। इस स्वागत यात्रा की शुरुआत रेलगॉव कॉलोनी के गेट से हुई जहां मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शिवम शर्मा एवं उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया इस स्वागत यात्रा को शुभारंभ किया। उत्तर मध्य रेलवे हॉकी कोच पुष्पा श्रीवास्तव भी मार्ग में ओलंपियन खिलाड़्यों के साथ जिप्सी पर थीं। मुख्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष शरद मेहता ने किया। मेहता खिलाड़ियों को कांफ्रेंस हॉल तक ले गए जहां सम्मान समारोह आयोजित हो रहा था। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार और उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा पूनम कुमार ने गुरजीत और निशा को शॉल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि गुरजीत और निशा सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। महाप्रबंधक महोदय ने आगे कहा कि उत्तर मध्य रेलवे अपने खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा ताकि भविष्य में और अधिक गुरजीत और निशा देश के लिए सम्मान ला सकें। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने दोनों खिलाड़ियों का संक्षिप्त परिचय दिया और उनके संघर्ष की कहानी और ओलंपिक तक की यात्रा के बारे बताया। अपने स्वागत भाषण में बोलते हुए, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष शरद मेहता ने कहा कि यह उत्तर मध्य रेलवे के लिए गर्व का क्षण है और हम भविष्य में इस तरह के और अधिक गौरवपूर्ण क्षणों को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। महाप्रबंधक महोदय उत्तर मध्य रेलवे ने यह भी साझा किया कि अधिकारी संवर्ग में दोनों खिलाड़ियों की पदोन्नति की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। ओलंपिक में भारतीय टीम के हॉकी मैचों के कुछ यादगार पलों को संकलित करते हुए 2.5 मिनट की एक छोटी क्लिपिंग भी चलाई गई, जिसने सभी को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। गुरजीत और निशा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि उन्हें इस तरह के गर्मजोशी से स्वागत की कभी उम्मीद नहीं थी और उन्होंने इस सम्मान और सहयोग के लिए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। औपचारिक समारोह का समापन मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शिवम शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे की पुरुष और महिला हॉकी टीम के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य खिलाड़ी भी उपस्थित रहे ।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की बैठक

### भय–भूख–भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सपा लड़ेगी विधानसभा चुनाव– वीरेंद्र तिवारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतग/सिद्धार्थनगर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर




समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शोहरतगढ़ के कैंप कार्यालय पर बैठक कर आगामी चुनाव की रणनीति बनाई। आगामी विधानसभा चुनावी रणनीति में भय–भूख–भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने की बात कही। समाजवादी पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, मँहगाई की बेतहाशा बृद्धि हुई है। जनता के बीच जाकर सपा कार्यकर्ता सपा की नीतियों को लोगों को लोगों को बताएंगे और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेंगे। शोहरतगढ़ विधानसभा में टिकट के कई दावेदारों को लेकर उन्होंने बताया की पार्टी के हर कार्यकर्ताओं को टिकट मांगने का अधिकार है। वर्तमान समय में विधानसभा प्रभारी उग्रसेन प्रताप सिंह है। उनके प्रत्याशी बनाने की प्रबल संभावना है। पूर्व ब्लॉक संघ अध्यक्ष बर्डपुर सुनील यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई मुद्दा ही नही है। इसलिए सरकार लोगों को तोड़ने का काम करती है। भाजपा सरकार की नीतियों से हर कोई परेशान है। आगामी विधानसभा में सपा का परचम लहराएगा। इस दौरान रामू यादव जिला सचिव, डब्लू सिंह, गुड्डू यादव, धर्मराज यादव, प्रधान हिमांचल यादव, मनीराम यादव, मैनुद्दीन बूथ अध्यक्ष आदि शामिल रहे।

# अंतर्जनपदीय बाइक लिफ्टर गैंग के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के कोट कंहरिया गांव के पास शुक्रवार की सुबह 6 बजे पुलिस ने बाइक लिफ्टर गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।जबकि एक चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी है। आरोपित के पास से चोरी की 11 बाइक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय चालान कर दिया गया। जहां से उनको जेल भेजा गया। शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में इस मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पुरंदरपुर पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच में जुटी थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन चोरी गिरोह के सदस्य वाहन चोरी करने के फिराक से फरेंदा की तरफ से आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर कोट कम्हरिया पहुंची। जहां 2 मोटरसाइकिल पर 6 व्यक्ति आते दिखे। पुलिस टीम ने उन्हें रोकना चाहा तो बाइक सवार एक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। साथ ही फरार हो गया। जबकि पांच लोगों को पुलिस टीम ने दौड़कर पकड़ लिया। चंदन जायसवाल निवासी ग्राम तिलकपुरवा थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर, मोहम्मद यूनुस निवासी परसा बेनी थाना फरेन्दा जनपद महराजंगज, श्यामलाल यादव निवासी चरलहा थाना नौतनवां, संतोष पांडेय निवासी ग्राम वार्ड नं.16 बहादुर शाह नगर नौतनवां थाना नौतनवां एवं राजकुमार साहनी निवासी बाबू पैसिया थाना नौतनवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि वाजिद अली उर्फ रसीद निवासी परसोईया बार्ड नं. 3 हामिद नगर थाना नौतनवां फरार हो गया। फरेंदा थाने का हिस्ट्रीशीटर है मोहम्मद यूनुस मोहम्मद यूनुस का नाम फरेंदा थाने में हिस्ट्रीशीटर के नाम में दर्ज है। यूनुस वाहन चोरी के दौरान दो बार जेल भी जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक फरेंदा द्वारा इसकी पहचान की गई। पूछताछ में यूनुस ने बताया कि पुलिस टीम को आते हुए देखकर डर गया था जिससे मैंने अपने पास रखे तमंचे से फायर कर दिया और भागना चाहा। चोरी की बाइक को कोट कंहरिया गांव के सीवान में जंगल के करीब सुनसान स्थान पर रखते थे। यहीं से 11 बाइक बरामद हुई।

## अकबर खान बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी २०२२ के विधान सभा चूनाव को लेकर युवाओं पर भरोसा जताते हुए संगठन मे ऐसे लोगों को पदाधीकारी बना रही है जिसकी पकड़ समाज मे हो और बूथ से लेकर सेक्टर स्तर पर संगठन को मस्बूती प्रदान करने का दमखम रखता हो।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमती व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा की अनुमती से जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड सैफ फरीदी ने अकबर खान को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

अकबर यूथ का एक बड़ा चेहरा हैं इनके उपाध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं मे जोश है।करैली मे सैफ फरीदी के आवास पर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अकबर खान का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर जहाँ स्वागत किया वही तमाम नेताओं ने अकबर को फोन कर बधाई भी दी।बधाई देने वालों मे अब्दुल सलमान,सैफ फरीदी,शाहिद प्रधान,सै०मो०अस्करी,शहनवाज अहमद,मो०हमजा,अब्दुल अहद आदि रहे।

# कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने के लिए तैयारी है जरूरी: सौरभ कान्त पति तिवारी

## मड़रा गांव के ग्रामीणों में मेडिकीट वितरित कर कोरोना महामारी के प्रति किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज ब्लॉक के मड़रा गांव में होप वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा एक सौ ग्रामीणों में मेडिकीट वितरण कर कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने मेडिकीट वितरण करने के पश्चात ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी कोरोना गया नही है,इसलिए हमको इस बीमारी को हल्के ने नही लेना है।उन्होंने कहा कि पिछली बार दूसरी लहर में हम सबने लापरवाही बरतने की भूल कर दी थी जिसका खामियाजा हमे भुगतना पड़ा।सलिये इस बार हमारा प्रयास है कि हम गांव–गांव



पहुंचकर लोगों को जागरूक करें और उन्हें मेडिकीट भी दिया जा रहा है।श्री तिवारी ने बताया कि मेडिकीट में जिंक,विटामिन सी,पैरासिटामोल, विटामिन्स की टेबलेट के साथ–साथ खांसी की सिरप और ओआरएस का घोल दिया जा रहा है।वहीं होप वेलफेयर ट्रस्ट के जिला प्रभारी रोहित पाठक ने कहा के सोनभद्र पिछड़े जिलों में शुमार है इसलिए हमारा प्रयास है कि हम जनपद के हर गांव तक पहुंचे और लोगों को जागरूक करने के साथ उनका यथा सम्भव सहयोग भी किया जाये और हमारे ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय के प्रयासों को सफल बनाया जाये।सामाजिक कार्यकर्ता संतपति मिश्रा एंव इमरान अंसारी ने कहा कि हम युवाओं के आदर्श सौरभ कान्त पति तिवारी के द्वारा विगत दस–पंद्रह वर्षों से लगातार निश्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे है।उन्होंने कहा कि हम सबको सही मार्ग पर लेजाकर सेवा भाव जगाने का काम श्री तिवारी ने किया है।उक्त अवसर पर परमेश्वर मिश्रा,क्षेत्र पंचायत सदस्य जय प्रसाद,शमसाद, कैलाश,मोइनुद्दीन मोनू,अभिषेक पाठक,गिरिजा देवी,संकठा देवी,प्रतिमा,र हुल,जोखन भारती, बसंती,मनोरमा आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना चोपन पुलिस व क्राइम ब्रांच सोनभद्र की संयुक्तटीम को मिली

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। चोपन दिनांक 14.08.2021 को प्रातः 08.00 बजे थाना चोपन पर सूचना प्राप्त हुई कि चोपन से सिन्दुरिया जाने वाले मार्ग के किनारे सिन्दुरिया निवासी सुरेन्द्र पाण्डेय का शव पड़ा हुआ है । इस सनसनीखेज घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चोपन सहित पुलिस के अन्य उच्चाधिकारीगण मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी तथा इस सम्बंध में मृतक के बहन की सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 219ध्2021 धारा 302ध्34 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के अनावरण व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध शाखा की स्वाट, एसओजी, सर्विलांस व प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन के साथ संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया। इसी क्रम में दिनांक 19.08.2021 को समय लगभग 17.00 बजे स्वाटध् एसओजीध्सर्विलांस टीम व थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर हिन्दुआरी तिराहे के पास से घटना में संलिप्त शूटरों को पकड़ लिया गया तथा अभियुक्तों की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, मृतक द्वारा हस्ताक्षरित भारतीय स्टेट बैंक का चेक व मृतक की हीरो सुपर स्पेण्डर मोटरसाइकिल तथा आलाकत्ल कट्टा (12 बोर) बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि मृतक सुरेन्द्र अपनी पत्नी की हत्या कराना चाहता था जिसके लिये उसने करीब 02 माह पहले चन्दन तिवारी नामक व्यक्ति के माध्यम से शूटरों से सम्पर्क किया जिसमें हत्या के लिये 02 लाख रुपये की सुपारी तय हुई । शूटरों द्वारा घटना को अंजाम देने से पहले रुपये की मांग की गयी थी तब मृतक सुरेन्द्र द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के अपने खाते के बैलेंस एवं उसके द्वारा हस्ताक्षरित चेक दिखाये गये जिसे लेकर उनके मन में शंका उत्पन्न हुई कि कहीं मृतक हत्या हो जाने के उपरांत उन्हें पैसा देगा या नहीं । इसलिये पत्नी की हत्या करने से अच्छा है कि सुरेन्द्र की हत्या कर वह चेक ले लिया जाये । घटना के दिन मृतक स्वयं शूटरों योगेश व पंकज को लेकर चोपन आया तथा अपने घर ले जाकर हत्या के लिये तमंचा व कारतूस दिया । जब यह तीनों चोपन आ रहे थे तो रास्ते में सुरेन्द्र किसी से मोबाइल पर बात करने लगा तब इनके द्वारा उसकी हत्या कर दी गयी।

# 85 वर्षीय सपा नेता मो० इदरीश का निधन,सपा में शोक की लहर

## इदरीश नेता ने पूर्व सपा सांसद स्व0 बृजभूषण तिवारी के साथ मिलकर पूरे जिले में लहराया था समाजवाद का परचम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। कस्बा शोहरतगढ़ के वरिष्ठ समाजवादी नेता मोहम्मद इदरीश का बीती रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 85 साल के थे। उनकी मिट्टी उनके बताए हुये जगह पर पुराने कब्रिस्तान पर हुई। उनकी मौत की खबर से समाजवादी पार्टी को अपुर्णीय क्षति हुई। मरहूम इदरीस मुलायम सिंह के साथियों में से एक थे। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के संघर्षों के साथी रहे इदरीश पूर्व समाजवादी सांसद बृजभूषण तिवारी के साथ मिलकर पूरे जिले में समाजवाद का परचम लहराया। समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता के दिलों में बैठाने का काम किया।शोहरतगढ़ विधानसभा में मरहूम सपा नेता अल्लन अंसारी के साथ विधान सभा क्षेत्र में मुलायम



सिंह के नाम व परचम को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया आज भी कस्बा शोहरतगढ़ अल्लन और इदरीस के कारण सपा का गढ़ माना जाता है। उनके चले जाने से सपाईयों व जनप्रतिनिधियों में दुख है स्वर्गीय इदरीस 85 की उम्र में भी साइकिल चलाकर आते जाते थे।स्वर्गीय इदरीस के दुनिया से चले जाने को लेकर डॉ अंसारी हॉस्पिटल के मशहूर सर्जन डॉ मोहम्मद सरफराज अंसारी ने कहा कि इदरीश चाचा बहुत मजबूत इरादों वाले थे उन्होंने हमेशा मुझे राजनीति से जनता की सेवा करने को लेकर हौशला अफजाई की उनका कहना था जनता की सेवा करने के लिए राजनीति से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं। वह अपने जीते जी मुझे विधानसभा चुनाव लड़वाना चाहते थे बहुत अफसोस है आज वह हमारे बीच नहीं रहे।नमाजे जनाजा के मौके पर वरिष्ठ नेता मुमताज , समाजवादी पार्टी व पूर्व राज्य सभा सांसद आलोक तिवारी, हरिनारायण यादव, हरिराम यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष खलकुल्लाह खान, नवाब खान सभासद प्रतिनिधि रवि अग्रवाल सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों को राखी बांधकर महिला अटेवियन्स ने माँगी पुरानी पेंशन'



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी रंजना सिंह के आवाह्न पर जनपद सोनभद्र द्वारा जिलाध्यक्ष राजकुमार मौर्य के नेतृत्व में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर अटेवा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने राज्यसभा सदस्य रामशकल व रॉबर्ट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल को राखी बांधकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।सांसद ने कहा कि वास्तव में आप सभी की यह मांग जायज है और कहा कि आप द्वारा उठायी गई इस मांग को पार्टी फोरम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक पुरानी पेंशन के मुद्दे और पत्र दोनों को पहुँचाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर अटेवा महिला मोर्चा की प्रदेश संयोजक रंजना सिंह ने कहा कि जब एक देश और एक विधान है तो फिर पुरानी पेंशन के लिए ये दोहरा चरित्र कैसे हो सकता है। नयी पेंशन व्यवस्था अत्यंत शोषणकारी है इस व्यवस्था से प्रदेश के 13 लाख सहित देश के 70 लाख शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी प्रभावित हैं और यदि सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करती है तो देश में करोड़ों लोगों तक इसका सीधा असर पड़ता है। मंडलीय मंत्री रामगोपाल यादव ने बताया कि अटेवा के संघर्षों से ही सरकार द्वारा एनपीएस में सुधार किये जा रहे हैं।महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक अध्यक्ष निशा मालवीय ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की लाठी है और सरकार को अपनी भूल सुधारते हुए तत्काल पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कर देना चाहिए।जिलाध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने बताया मा०उच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला दिया है कि पेंशन खैरात नही है यह सेवा अधिकार है अतः लोकमहत्व के इस तात्कालिक विषय पर सरकार तुरंत निर्णय करे।जिला मीडिया प्रभारी सर्वेश तिवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती और एकता से ही हम अपनी मंजिल पुरानी पेंशन को प्राप्त करेंगे इसके लिए कुछ भी करना पड़े, हम करेंगे।इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह यादव, संगठन मंत्री राधेश्याम पाल, उमा सिंह,विनोद कुमार,शहजादी, अनामिका सिंह, रूमी परवीन, फरहा दिवा, अनारी देवी, राम मूर्ति,सर्वेश तिवारी, रामगोपाल यादव, निशा मालवीय आदि अनेकों साथी मौजूद रहे।

# नून एकेडमी के जरिए की जा रही बोर्ड परीक्षा की निःशुल्क तैयारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। कोविंड–19 महामारी के चलते स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान बंद होने के कारण विद्यार्थियों को लगभग बीस महिने से अपनी पढ़ाई को लेकर तमाम समस्याओं से जुझना पड़ रहा है।स्कूली शिक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं की अब तक की गयी सारी मेहनत बेकार चली गई। छात्र छात्राओं के इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिये इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र अखिलेश यादव ने यू–ट्यूब पर निरूशुल्क पढ़ाने की शुरुआत की। उनकी मेहनत प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुँच पाये और प्रत्येक विद्यार्थी बिना किसी शुल्क के घर मे रहकर लाभ उठा पायें, इसी सोच को लेकर अखिलेश यादव ने छात्र छात्राओं को पढ़ाना शुरू किया। वर्तमान मे अखिलेश यादव यू ट्यूब के साथ ही नून एकेडमी पर भी पढाते हैं। जिससे छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की भरपूर आनलाइन तैयारी नून एकेडमी से जोड़कर कराने में लगें हैं।इस समय लगभग दस हजार छात्र छात्राएँ बोर्ड परीक्षा के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में लगे हैं। अखिलेश यादव ने बताया की नून एकडमी एक आनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म है, जहाँ कक्षा 9 से 12 तक का प्रत्येक विद्यार्थी निरूशुल्क पढ़ सकता है। आनलाइन माध्यम वाली क्लासेस नून एकेडमी पर करायी जा रही बोर्ड परीक्षा की तैयारी को छात्र छात्राओं द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। नून एकेडमी हो या यूट्यूब चौनल अखिलेश से पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों का कहना है कि अखिलेश सर के पढ़ाने के अंदाज से हमे जीव विज्ञान बहुत सरल लगने लगी है। और हमारी जीव विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ गई हैं। और अखिलेश सर हमे बहुत बारीकी से सरल शब्दों में जीव विज्ञान को समझा देते हैं। अखिलेश ने बताया यूपी बोर्ड कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के बच्चे घर से ही नून एकेडमी से जुड़ कर निरूशुल्क अपनी तैयारी कर सकते हैं।और हमारा प्रयास है कि मार्च में प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा के पहले तक पूरे कोर्स को दो बार जरूर दोहरा कर छात्र छात्राओं के हर शंका का समाधान करा दिया जाय !

# भाजपा नेता अभय प्रताप राव के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री का अभूतपूर्व स्वागत

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के स्वागत में आपस में भिड़े भाजपा के दो गुट

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। कुशीनगर के विधानसभा क्षेत्र 334 हाटा में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण अनिल राजभर का भाजपा नेता अभय प्रताप राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के बेहतर कार्यों के वजह से हर वर्ग के लोगों को लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल रही है भारतीय जनता पार्टी की सरकार तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं को संचालित कर हर वर्ग के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है प्रदेश का हर नागरिक चाहे वह किसी भी वर्ग का हो उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नीतियों एवं विकास कार्यों पर विश्वास है आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को पुनः 2017 के पुर्नरावृति के रूप में हम दोहराने का कार्य करेंगे और उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएंगे खराब मौसम के बावजूद भी बड़ी तादात पहुंचे लोगों को देखकर प्रफुल्लित माननीय मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा राजभर समाज से गरीब लोग हमारे नौजवान हमारे बुजुर्ग क्षेत्र पंचायत सदस्य हमारे प्रधान ऐसे तमाम लोग पूरी ताकत के साथ भाई अभय प्रताप के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होने के लिए आए हुए हैं जिनको हृदय से धन्यवाद देता हूँ इस दौरान जिलाध्यक्ष कुशीनगर प्रेमचंद मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष मोतीचक जोखू शर्मा शम्भू राव मुकेश राजभवन आजाद प्रताप राव वीरेन्द्र सिंह सीपी राजभवन अशोक पाण्डेय सोनू सिंह बड़हरा बाबू पंकज चौहान पप्पू यादव आदि मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के कार्यक्रम समापन के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय दयाशंकर सिंह के आगमन पर हाटा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के काफिले में स्वागत के लिए हाटा कोतवाली के बाघनाथ चौराहे पर पहुंचे भाजपा समर्थक के दो गुटों में हुई जमकर बवाल चले ईंट और पत्थर जिसमे कई को गंभीर चोटें भी आई हैं पूर्व में भी एक बार हो चुकी है घटना दो गुटों में भिड़ंत की घटना, उस वक्त भी अनिल राजभर के कार्यक्रम समापन के बाद हुई थी भिड़ंत, एनएच 28 को भाजपा नेता अभय राव ने किया जाम सीओ और उपजिलाधिकारी हाटा के आश्वासन के बाद जाम खुला भाजपा नेता अभय प्रताप राव ने हाटा विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक के समर्थक ने खुल्लेआम गुंडागर्दी की पुलिस मौके पर मौजूद थी।



# 16 वर्ष की बालिका के साथ किया दुष्कर्म पहुंची पुलिस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली/नौतनवां। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म, पहुंची पुलिस, सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते शाम को एक युवक द्वारा गांव के ही एक 16 वर्षीय बालिका को जबरिया खींचकर घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पीड़िता के बाबा ने सोनौली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को करीब 4.00 बजे सोनौली कोतवाली पुलिस को पीड़िता के बाबा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि गांव के अरबाज नामक युवक ने अपने घर के सामने से गुजर रही मेरे 16 वर्षीय बालिका को जबरिया खींच कर अपने घर में ले जाकर बंद कर दिया और उसके साथ मुंह काला किया। घटना शुक्रवार कि करीब 4.00 बजे के आसपास की है। उस समय बालिका के घर कोई नहीं था। सभी लोग नौतनवा आवश्यक कार्य से आए हुए थे। जब शाम को उसके बाबा घर आए तो बालिका तथा कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम को उसके बाबा को बताया। जिस पर बाबा ने सोनौली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सोनौली शशांक शेखर राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान मे उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मान पत्र देकर किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में



महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2021 के मध्य मिशन शक्ति के अंतर्गत एक विशेष अभियान चलाया गया जिसमें श्रीमती वंदना पटेल ने शक्ति योद्धा के रूप में विशेष योगदान दिया जिसके लिए आज उन्हें मिशन शक्ति अभियान के तरफ से जिला अधिकारी के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अधिकारी सोनभद्र, मुख्य विकास अधिकारी, राज्यसभा सांसद रामसकल, सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

# घर बैठे पेमेंट ले रहे सीएचसी मोतीचक के फार्मासिस्ट व लिपिक,ग्रामीणो का आरोप

- एमओआईसी के मिली भगत से हर महीने का बना जाता है हस्ताक्षर
- सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरे दोनों स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपस्थिति का खोलेगी पोल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कुशीनगर। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक में तैनात दो स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पिछले कई महीनों से गैरहाजिर होने का मामला प्रकाश में आ रहा है। हालांकि प्रभारी चिकित्साधिकारी के मिली भगत से हर महीने उपस्थिति पंजिका में बड़े आसानी से उपस्थित होने का हस्ताक्षर बना दिया जा रहा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी उक्त प्रकरण को संज्ञान में ले ले तो इन कर्मचारियों के अनुपस्थिति का राज सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरे से स्पष्ट हो जायेगा। बता दें कि सरकार कोरोना महामारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपये खर्च कर रही है ताकि आम लोंगो को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इस महामारी में भी अपने आदतों से बाज नही आ रहे है। कोरोना महामारी पर जहां इन कर्मचारियों को कोरोना योद्धा का प्रमाण दिया जा रहा है वही कुछ लापरवाह व दायित्वविहीन कर्मचारी विभाग को दो चार करने में लगे हुए है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक पर तैनात संविदा कर्मी पिछले कई महीनों से ड्यूटी पर नही आ रहे है लेकिन उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर प्रतिदिन का मिल जायेगा।विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संविदा पर तैनात फार्मासिस्ट गजेंद्र कुमार रॉय व लिपिक के स्थायी पद पर तैनात उदय प्रताप सिंह पिछले कई महीनों से अस्पताल से गायब है जबकि आरबीएसके टीम में भी गजेंद्र कुमार रॉय भी शामिल है। इन कर्मचारियों के गैरहाजिर की बात तो सामने आ रही है लेकिन उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बने हुए है। उधर एमओआईसी डॉ एलएस सिंह के हस्ताक्षर से हर महीने तनख्वाह भेजने की संस्तुति भी कर दिया जाता है। कोरोना महामारी में इन कर्मचारियों द्वारा अनुपस्थित रहकर सरकार के मंसूबे पर पानी फेर दिया जा रहा है। इन कर्मचारियों के अनुपस्थिति का खुलासा सीएचसी से में लगे सीसीटीवी फुटेज से देखा जा सकता है कि ये कर्मचारी अपने ड्यूटी के प्रति कितने वफादार है और कब–कब ड्यूटी पर आए है। –इस सम्बद्ध में एमओआईसी डॉ एलएस सिंह से पूछा गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि कुछ दिनों से अनुपस्थित होने की सूचना है जबकि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटरिया ने कहा कि मामले को जांच करवा रहे है। इस तरह का मामला है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र की पुलिस ने नाबालिग के अपहरण में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया और धारा 363 व 366 में जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ककरही गांव निवासी विश्वास विश्कर्मा पुत्र पुत्र अरूण पर एक नाबालिग के अपहरण का आरोप था। वह फरार चल रहा था। शुक्रवार को सुबह करीब 7.45 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राजेश यादव व आलोक राय कास्टेबल प्रशांत यादव पीकेश गुप्ता मनीषा राजभर शामिल रहीं।

# RJ मलिष्का ने नीरज चोपड़ा से मांगी जादू की झप्पी, चौंपियन ने दिया मजेदार जवाब, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने वाले नीरज चोपड़ा लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्हें अलग–अलग सम्मान समारोह में सम्मानित किया जा रहा है। विभिन्न टीवी और रेडियो चौनल्स पर उनके इंटरव्यूज भी आ रहे हैं। इन सबके बीच नीरज चोपड़ा को लेकर रेडियो जॉकी मलिष्का मेंडोसा सुर्खियों में हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसके बाद हर कोई आरजे मलिष्का की आलोचना कर रहा है। अब हम आपको बताते हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से आरजे मलिष्का को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें रेडियो जॉकी मलिष्का का नीरज चोपड़ा का इंटरव्यू ले रही हैं। यह इंटरव्यू



वीडियो कॉलिंग के जरिए हो रहा है। इस वीडियो में मलिष्का अपने साथियों के साथ 1957 में आई फिल्म नए दौर के एक गाने पर डांस करती हुईं दिख रही हैं। गाना था उड़े जब जब जुल्फें तेरी। जबकि सामने स्क्रीन पर नीरज चोपड़ा दिखाई दे रहे हैं। नीरज चोपड़ा आरजे मलिष्का और उनके साथियों का डांस देखकर असहज नजर आ रहे हैं। लेकिन मामला तब और बढ़ गया जब आरजे मलिष्का वीडियो इंटरव्यू में ही नीरज चोपड़ा को जादू की झप्पी देने की बात करती है जिसके बाद नीरज चोपड़ा थोड़ा असहज होते हुए यह कह रहे– जी नमस्ते दूर से ही सही है। यह दोनों वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और लोग लगातार आरजे मलिष्का की आलोचना कर रहे हैं। कुछ लोग इसे मलिष्का का अल्टीमेट बेज्जती बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर इसको लेकर लोगों की अलग–अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है। दिलचस्प बात है कि नीरज चोपड़ा के साथ आरजे मलिष्का का यह रवैया किसी को पसंद नहीं आ रहा है। सोशल मीडिया पर जिस तरह से लोगों ने आरजे मलिश्का को लेकर लिखा है उसे यह पता चल रहा है कि आरजे के रवैया से लोग खफा हैं।

# मुश्किल वक्त में अमेरिका को संभाल नहीं पाएंगे बाइडेन, आतंकी ओसामा इसलिए उन्हें राष्ट्रपति बनते देखना चाहता था

भले ही ओसामा बिन लादेन को मरे सालों बीत गए हो लेकिन 12 साल पहले जो कुछ कहा गया उसकी चर्चा एक बार फिर हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं और इसके साथ ही ओसामा का भी जिक्र आया है। दरअसल, अमेरिकी सैनिकों के हाथों मारा गया अलकायदा आतंकी ओसामा बिन लादेन एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा ओसामा की उस चिट्ठी की हो रही है, जिसमें तत्कालीन अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन ने जो बाइडेन को बेहद ही कमजोर उपराष्ट्रपति बताया था। 2010 में लिखे गए इस नोट में आतंकी ओसामा बिन लादेन ने अपने दहशतगर्दों को एडवाइजरी जारी करते हुए



लिखा था कि जो बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। ओसामा बिन लादेन को लगता था कि ओबामा की हत्या होने के बाद अगर बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति बनेंगे तो ये अलकायदा के लिए शानदार मौका होगा। ओसामा का मानना था कि बाइडन के पास सरकार चलाने की काबीलियत नहीं है और ऐसे में वो मुश्किल के वक्त में अमेरिका को संभाल नहीं पाएंगे। बाइडेन के राष्ट्रपति बनने से अमेरिका संकट में आ जाएगा। इसलिए हमारे लड़ाके जो बाइडेन को निशाना नहीं बनाएं। हम बराक ओबामा की हत्या करना चाहते हैं। ताकि ओबामा की मौत के बाद बाइडेन राष्ट्रपति पद पर आसीन हो सके। आतंकी ओसामा बिन लादेन की योजना उसकी मौत के दो साल बाद एक नोट के रूप में मिली। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो लादेन के 2010 में लिखा नोट वहां से मिला था जहां लादेन की अमेरिकी सैनिकों द्वारा हत्या की गई थी। लेकिन अब यही पत्र अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए चुनौती पेश कर सकता हैं क्योंकि इस वक्त अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के फैसले को लेकर जो बाइडेन को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। बाइडेन की छवि आतंकवाद के खिलाफ कमजोर दिख रही है। ऐसे में ओसामा बिन लादेन की चिट्ठी एक बार फिर लोगों को याद आ रही है।

# वायरल हो रहा कंटीली तार के ऊपर से बच्चे को सौंपने वाला वीडियो, क्या है इसकी सच्चाई ?

काबुल। अफगानिस्तान पर



तालिबान के कब्जे के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अफगानी पिता अपने बेटे को कंटीली तार के ऊपर से अमेरिकी सैनिक को सौंपते हुआ देखा जा सकता है। दरअसल, यह वीडियो हामिद करजई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का है। वायरल हो रहे इस वीडियो के पीछे की सच्चाई क्या है, इसकी जानकारी खुद अमेरिकी रक्षा विभाग ने दी है।

क्या है असल मामला ?

अफगानी पिता ने अपने बेटे को अमेरिकी सेना को सौंपते हुए देखा गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक वायरल हो रहे बच्चे की तस्वीर हामिद करजई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की है। वहीं, बच्चे को अब उसके पिता को सौंप दिया गया है और वह एयरपोर्ट पर पूरी तरह से सुरक्षित है। अमेरिकी रक्षा विभाग के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया कि बच्चे के माता–पिता ने अमेरिकी सेना से उसकी देखभाल करने के लिए कहा था क्योंकि उनका बच्चा बीमार था। हालांकि अब बच्चे को उनके पिता को वापस सौंप दिया गया है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। दरअसल, बच्चे को लेकर अमेरिकी सेना एयरपोर्ट के पास मौजूद अस्पताल में लेकर गई थी। जहां पर उसका इलाज किया गया। काबुल एयरपोर्ट पर मुश्किल हालातः राष्ट्रपति अशरफ गनी के देश छोड़कर भागने के बाद से अफगानिस्तान के हालात और भी ज्यादा बदतर हो गए हैं। 34 में से 33 प्रांतों पर तालिबान ने कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से ज्यादातर लोग अफगानी जमीं छोड़ने के लिए विवश हो गए हैं। जबकि बड़ी तादाद में लोग काबुल एयरपोर्ट पर मौजूद हैं।

# प्रदूषित धुएं से ग्रामवासियों का जीना हुआ दुश्वार

## शिकायत करने के बाद भी नहीं चेते अधिकारी

फतेहपुर। हसवा विकास खंड के भारतपुर गांव में गांव से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक व्यवसाई द्वारा काला नमक की भट्ठी लगाकर काले नमक को बनाने का काम कर रहे हैं। यह काले नमक की भट्ठी लगभग एक वर्ष पूर्व से चलाई जा रही है। काला नमक बनाने में उपयोग में आने वाला काला कोयला संपूर्ण ग्राम क्षेत्र में धुएं से भारतपुर ग्रामवासी बीमार पड़ रहे हैं। गांव के शीतल प्रसाद बताते हैं कि संचालित काला नमक की भट्ठी से पूरे गांव में हवा के साथ धुआँ भी प्रदूषित कर रहा है। जिससे तरह–तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत जिलाधिकारी से किया लेकिन आज तक इस अवैध भट्ठी के खिलाफ अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। भारतपुर ग्राम के पूर्व प्रधान मोतीलाल ने इस काले नमक की भट्ठी को लेकर काफी विरोध किया था लेकिन सफेद खादी की संरक्षण में चलने वाला धंधा अभी तक बंद नहीं किया गया। जिससे ध ाान गेहूं व पेड़–पौधों में जहर घोलता प्रदूषण मौत को दावत दे रहा है। वायु प्रदूषण के साथ–साथ पूरे वातावरण को भी गंदा कर रहा है। गांव से करीब होने पर पास के पेड़ पौधे जैसे आम में बौर आना धीरे–धीरे बंद हो रही हैं। फसलों में बहुत ही नुकसान हो रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। भारतपुर गांव के किसान राम सिंह यादव बताते हैं कि कोयले की भट्ठी में ट्रकों में लगने वाले टायर जो कि प्रदूषण के बहुत बड़े कारक हैं। उनका पूरी तरह उपयोग किया जाता है। टायर काटकर आग में डालकर जलाए जाते हैं। जिससे बहुत ज्यादा पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैलता है। उनका कहना है कि यदि समय से प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो पूरे गांव में एक गम्भीर बीमारी से बच पाना बहुत ही मुश्किल है। नेशनल हाईवे से सटे हुए नमक भट्ठी पुरवा हवा चलने पर रोड से निकलने वाले वाहनों व यात्रियों के लिए बिल्कुल प्राण घातक हमला करती है। जिससे सांस लेने व निकलने के लिए विवश हैं। जिला प्रशासन है कि कान में जूँ तक नहीं रेंगती।

# बार्सिलोना विदाई में जिस ज्पेनम से मेस्सी ने पोछे थे आंसू, अब वो होगा निलामय जानें कीमत



लियोनेल मेस्सी की आंसू की भी कीमत लग रही है। जी हां, आपको बता दें कि मेस्सी के आंसू को खरीदने के लिए लोग + 1 मिलियन की एक बड़ी राशि का भुगतान करने को तैयार है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब मेस्सी रो पड़े थे तो उन्होंने उस दौरान जिस टिश्यू का इस्तेमाल अपने आंसू पोछने के लिए किए थे, उन टिश्यू की अब बिक्री होगी। एक नीलामी साइट पर इस टिश्यू की राशि + 1 मिलियन रखी गई है। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता की मेस्सी खूबसूरत खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। रिकॉर्ड छह बार के विजेता ने एफसी बार्सिलोना से लिग 1 दिग्गज पीएसजी में अपने कदम रखे है। कम्प्लीट स्पोर्ट्स के अनुसार, कैटेलोनिया में मेस्सी के विदाई भाषण में शामिल होने वाले एक व्यक्ति ने उस टिश्यू को हासिल किया था, जिसका इस्तेमाल मेसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी आंखों को पोछंने के लिए कर रहे थे।

# अपहरण की खबरों के बीच तालिबान का दावा, सभी भारतीयों को सुरक्षित जगह पर रखा

काबुल। अफगानिस्तान के काबुल एयरपोर्ट से 150 लोगों के



अपहरण की खबरों के बीच में तालिबान ने बड़ा दावा किया है। आपको बता दें कि काबुल एयरपोर्ट में तालिबानी चरमपंथी अचानक से पहुंचे, जिसकी वजह से अफरातफरी मच गई। इस बीच तालिबान के चरमपंथी 150 लोगों को एयरपोर्ट के उत्तरी गेट से लेकर चले गए। जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि सभी 150 लोगों को एयरपोर्ट से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले गए हैं। बताया जा रहा है कि 150 लोगों में ज्यादातर भारतीय हैं और उनमें अफगानी सिख भी शामिल हैं। तालिबान के प्रवक्ता अहमदुल्ला वसीक ने अफगानी मीडिया के हवालों से आई खबरों को खारिज कर दिया। तालिबान ने कहा कि हम भारतीयों को दूसरे दरवाजे से एयरपोर्ट के अंदर ले गए हैं। किसी भी भारतीय का अपहरण नहीं किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति अशरफ गनी के अफगानिस्तान छोड़कर जाने के बाद ज्यादातर लोग अफगानी जमीं छोड़ने के लिए विवश हो गए और उन लोगों ने काबुल एयरपोर्ट की तरफ अपना रुख किया। काबुल एयरपोर्ट पर भारी तादाद में लोग अभी मौजूद हैं और देश से निकलने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

# सड़क पार कर रहे वृद्ध को वाहन ने रौंदा, मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम दतौली के समीप शुक्रवार की दोपहर जानवर चराने जा रहे 55 वर्षीय वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने रंगिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दतौली गांव निवासी सुंदरलाल का पुत्र रमेश आज दोपहर जंगल जानवर चराने जा रहा था। जब वह सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहा अज्ञात वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा।

# छेड़छाड़ के विरोध में चार को किया लहूलुहान

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र ग्राम बिलंदा में लड़की छेड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने चार लोगों को लाठी–डंडों व ध ाारदार हथियार मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिलंदा गांव निवासी राहुल, लवकुश पुत्रगण रामशरण, रूप कुमार, रामराज, विनोद, रामस्वरूप को गांव के ही विपिन पुत्र रामसरन, बबलू, छोटू पुत्रगण बंसी, मोहित पुत्र चौतू व तीन अज्ञात लोगों ने खेत में ही लाठी डंडा व ध ाारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान घायलों के परिजनों ने बताया कि घर की लड़कियां कोमल व निर्मला बकरी चराने गई थी तभी छोटू और बबलू उनके साथ छेड़छाड़ कर रहे थे जब लड़कियों ने शोर मचाया तो खेत में ही काम कर रहा राहुल मौके पर पहुंचा तो इससे पहले ही छोटू व बबलू ने अपने अन्य साथियों को मोबाइल द्वारा सूचना देकर बुला लिया। जब राहुल वहां पहुंचा तो उस पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। जिससे राहुल का हाथ टूट गया। बीच–बचाव करने पहुंचे भाई लवकुश, रूप कुमार व विनोद को भी हमलावरों ने लाठी–डंडों से बुरी तरह पीट दिया। जिससे रूप कुमार का कान का पर्दा फट गया।

वही विनोद का जबड़ा टूट गया। उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। वहीं पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घायल के परिजनों ने बताया कि हमलावर दबंग हैं और सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

# महिला समेत चार को सर्प ने डसा

फतेहपुर। अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत महिला समेत चार लोगों को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हथगांव थाना क्षेत्र के रामगणेशदासपुर निवासी गोपीलाल की 35 वर्षीय पत्नी शिवदुलारी आज दोपहर घरेलू काम कर रही थी कभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव निवासी राजेश की 14 वर्षीय पुत्री अमृता घर की अलमारी में रखी किताब उठा रही थी। तभी सर्प ने उसे डस लिया। वहीं ललौली थाना क्षेत्र के भागवतपुर गांव निवासी बछराज की 18 वर्षीय पुत्री अनुराधा घरेलू काम कर रही तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी सेवकराम की 21 वर्षीय पुत्री रक्षा देवी खेत से घर वापस आ रही थी तभी सर्प ने डस लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने चारों को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने रक्षा की हालत चिंताजनक देते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वही तीन का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अफगान नागरिकों के अकाउंट को सुरक्षित करने के लिए फेसबुक और ट्विटर ने उठाया बड़ा कदम

अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा हो गया है। पूरा विश्व तालिबान से लगातार अफगानिस्तान में मानवता का ख्याल रखने की बात कर रहा है। इन सबके बीच फेसबुक, ट्विटर और लिंक्डइन ने बड़ा कदम उठाया है। ये सोशल मीडिया दिग्गजों ने तालिबान से बचाने के लिए अफगान नागरिकों के अकाउंट को सुरक्षित कर रहे है। फेसबुक के सुरक्षा नीति प्रमुख नथानिएल ग्लीचर ने एक ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। ग्लीचर के ट्वीट के मुताबिक सोशल मीडिया कंपनी ने अफगानिस्तान में लोगों के दोस्तों के खातों की सूची सूची देखने या खोजने की क्षमता को अस्थायी रूप से हटा दिया है। इसके अलावा फेसबुक ने अफगानिस्तान में अपने खातों को बंद करने के लिए उपयोगकर्ताओं के लिए ष्वन–क्लिक टूलष लॉन्च किया है। इसका मतलब यह है कि जो लोग उनके फेसबुक मित्र नहीं हैं, वे अपनी टाइमलाइन पोस्ट नहीं देख पाएंगे या अपनी प्रोफाइल फोटो साझा नहीं कर पाएंगे। दूसरी ओर ट्विटर ने कहा है कि अफगानिस्तान में लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए वह वहां के सिविल सोसाइटी से लगातार संपर्क में है। साथ ही साथ वह इंटरनेट आर्काइव के साथ भी काम कर रहा है ताकि ट्वीट्स को हटाने के सीधे अनुरोध में तेजी लाई



जा सके।

ट्विटर ने यह भी कहा कि यदि उपयोगकर्ता अपने खातों तक पहुंचने में असमर्थ हो रहे है, जिनमें ऐसी जानकारी है जो उन्हें जोखिम में डाल सकती है, तो यह उन्हें अस्थायी रूप से तब तक निलंबित कर सकता है। ट्विटर ने यह भी कहा कि वह सरकारी संगठनों से संबद्ध खातों की लगातार निगरानी कर रहा है और उनकी पहचान की पुष्टि करने के लिए अतिरिक्त जानकारी के लिए लंबित खातों को अस्थायी रूप से निलंबित कर सकता है। ग्लीचर ने ट्वीट की एक श्रृंखला में कहा कि इंस्टाग्राम पर, हम आपके खाते की सुरक्षा के लिए विशिष्ट कदमों के साथ अफगानिस्तान में पॉप–अप अलर्ट जारी कर रहे हैं। आपको बता दें कि तालिबान द्वारा अफगान और दुनिया के लोगों को अपने और अपनी जीत के बारे में आधिकारिक संदेश देने वाली वेबसाइटें शुक्रवार को अचानक इंटरनेट की दुनिया से गायब हो गईं हालांकि अभी तक ऐसा होने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। इसे तालिबान की ऑनलाइन माध्यम से लोगों तक पहुंच को रोकने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। अभी स्पष्ट नहीं है कि पश्तो, उर्दू, अरबी, अंग्रेजी और डारी वाली वेबसाइटें शुक्रवार को क्यों ऑफलाइन हो गईं। इन वेबसाइटों को सैन फ्रांसिस्को की एक कंपनी क्लाउडफायर से सुरक्षा मिली हुई थी। यह कंपनी वेबसाइट को विषय–वस्तु प्रदान करने और इसे साइबर हमलों से बचाने में मदद करती है। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी के लिए क्लाउडफायर को ईमेल करने के साथ ही साथ फोन भी किया गया था लेकिन प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। इस घटना की खबर सबसे पहले 'द वॉशिंगटन पोस्ट' ने दी।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# बड़े काम आ सकते हैं शैंपू से जुड़े ये हैक्स, जरूर आजमाकर देखें



आमतौर पर आपने शैंपू का इस्तेमाल सिर की गंदगी को दूर करने के लिए किया होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा अन्य कई कामों के लिए भी शैंपू का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप चाहें तो घर के अलग–अलग कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज शैंपू से जुड़े ऐसे ही कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

मेकअप ब्रश को करें साफः मेकअप ब्रश से मेकअप करना तो आसान होता है, लेकिन इसके बाद ब्रश को साफ करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि शैंपू से आप इस काम को आसान बना सकते हैं। इसके लिए हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा शैंपू मिलाएं और फिर मेकअप ब्रश को कुछ देर के लिए इस मिश्रण में भिगो दें। इसके बाद ब्रश को नल के नीचे पानी से धो लें। ऐसे ही आप अपने हेयर ब्रश यानि कंघी को भी साफ कर सकते हैं।

बतौर शेविंग क्रीम करें इस्तेमालः कई लोग शेविंग क्रीम खत्म होने पर साबुन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन इसके बाद त्वचा रूखी लगने लगती है। इस काम के लिए शैंपू का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे त्वचा रूखी नहीं होती। इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता। हालांकि ध्यान रखें कि शैंपू हाथों पर न लगा रहे वर्ना इस वजह से आपका रेजर फिसलेगा।

नाजुक कपड़े अच्छे से धोएं

डिटर्जेंट पाउडर नाजुक कपड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इसके इस्तेमाल से नाजुक कपड़ों का रंग हल्का हो सकता है या फिर इसके कारण कपड़े के रेशे निकलने लगते हैं जिसके बाद कपड़े को पहनने का मन नहीं करता है। ऐसे कपड़ों को धोने के लिए शैंपू का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह आपके नाजुक कपड़ों को बिना किसी नुकसान के अच्छे से धो सकता है।

जाम चेन को करें ठीक

अगर आपके किसी कपड़े या बैग की चेन जाम हो गई है तो इसे ठीक करने के लिए भी आप शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक इयरबड पर थोड़ा सा शैंपू डालें और इसे चेन के खराब हिस्से पर लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। यकीनन ऐसा करने पर आपकी चेन जल्द ही फिर से पहले की तरह काम करने लगेगी।

## तूफान की सफलता के बाद फरहान की एक्शन–थ्रिलर फिल्म युधरा की शूटिंग शुरू, लीड रोल में दिखेंगे सिद्धांत चतुर्वेदी

फरहान अख्तर की फिल्म श्तूफान्य को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया. इस फिल्म की सफलता के बाद एक बार फिर से फरहान अख्तर अपने प्रोड्यूसर मोड में लौट आए हैं. फरहान और रितेश सिद्धवानी द्वारा निर्मित फिल्म श्युधराय की शूटिंग आज यानी गुरुवार से शुरू हो गई है. इस फिल्म में पहली बार अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी एक्शन मोड में नजर आने वाले हैं. सिद्धांत के साथ इस फिल्म में मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन भी नजर



आएंगी, जो सिद्धांत से इश्क लड़ाती हुई दिखेंगी. आज फिल्म की शूटिंग से पहले मुहूर्त हुआ, जिसकी तस्वीरें सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की. इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने लिखा– लेट्स गोज् टीम युधरा. सिद्धांत ने जो तस्वीरें अपनी स्टोरी पर शेयर की हैं, वह उनके एक फैन पेज पर शेयर की थीं, जहां से एक्टर ने इन्हें कॉपी किया है. युधरा एक रोमांटिक–एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन रवि उदयवर कर रहे हैं. रवि उदयवर वही निर्देशक हैं जिन्होंने श्रीदेवी स्टारर मॉम का निर्देशन किया था. उनके काम को काफी सराहा गया था. इस साल के शुरुआत में फरहान अख्तर ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने इस फिल्म की घोषणा के साथ इसके किरदारों से फैंस को रूबरू करवाया था. यह फिल्म अगले साल रिलीज होनी है, जिसका तैयारी अब जोरो से शुरू हो गई है. फिलहाल, सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इस फिल्म के अलावा शकुन बत्रा की आगामी फिल्म में भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. हालांकि, इस फिल्म का अभी टाइटल जारी नहीं किया गया है, लेकिन फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है. इस फिल्म में सिद्धांत के साथ दीपिका पादुकोण और अनन्या पांडे भी नजर आने वाली हैं. इन तीनों की यह जोड़ी एकदम फ्रेश तिकड़ी है, जिसे एक साथ कभी भी दर्शकों ने स्क्रीन पर नहीं देखा है. दर्शक इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस फिल्म का निर्माण करण जौहर और अपूर्वा मेहता द्वारा किया गया है. इसके आलावा सिद्धांत के खाते में फोन बूथ भी है, जिसमें कैटरानी कैफ और ईशान खट्टर उनके साथ नजर आएंगे. यह फिल्म भी फरहान अख्तर और रितेश सिद्धवानी द्वारा निर्मित की जाएगी. वहीं, सिद्धांत बंटी और बबली 2 में भी दिखने वाले हैं.




## मलयालम फिल्म एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 की हिन्दी रीमेक में दिखेंगे अनिल कपूर

हाल के दिनों में दक्षिण भारतीय फिल्मों की हिन्दी रीमेक बनाने की होड़ सी लग गई है। वर्तमान में कई फिल्म निर्माता रीमेक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। अब इस कड़ी में एक और साउथ फिल्म का नाम जुड़ गया है। अब जानकारी सामने आ रही है कि मलयालम फिल्म एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 का हिन्दी रीमेक बनेगा। खबरों की मानें तो फिल्म के हिन्दी संस्करण में दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर मुख्य भूमिका निभाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, एंड्रॉइड कुंजप्पन वर्जन 5.25 की हिन्दी रीमेक में अनिल नजर आ सकते हैं। यह साइंस फिक्शन पर आधारित एक कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म को तमिल में बनाया जा चुका है। इस फिल्म की तमिल रीमेक में केएस रविकुमार नजर आए थे। वहीं, फिल्म की तेलुगु रीमेक की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। इसमें मोहन बाबू मुख्य भूमिका में दिखने वाले हैं। ऑरिजनल फिल्म का निर्देशन रथीश बालकृष्णन पोडुवल ने किया है।

सूत्र ने बताया कि निर्माता विक्की रजानी ने फिल्म की हिन्दी रीमेक के अधिकार हासिल कर लिए हैं। विक्की ने इससे पहले टेबल नंबर 21, आर राजकुमार, मुन्ना माइकल जैसी चर्चित फिल्मों को बनाया है। फातिमा सना शेख अभिनीत अरुवी की हिन्दी रीमेक को लेकर भी विक्की चर्चा में हैं। सोनी पिक्चर्स इंडिया के साथ मिलकर विक्की फिल्म की हिन्दी रीमेक का निर्माण करेंगे। अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है।

फिल्म में अनिल पारंपरिक, रूढिघ्वादी और छोटे शहर में रहने वाले ग्रामीण की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। ऑरिजनल फिल्म की कहानी एक बूढ़े आदमी के इर्दगिर्द घूमती है। उसका बेटा नौकरी करने के लिए रूस चला जाता है और अपने पिता का ध्यान रखने के लिए एक रोबोट छोड़कर जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि बूढ़े आदमी और रोबोट के बीच बॉन्डिंग बढ़ जाती है।

फिल्म की हिन्दी रीमेक में अनिल सूरज वेंजारामुडु की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने एक जिद्दी बूढ़े व्यक्ति का किरदार निभाया था। वह जिद्दी व्यक्ति नई तकनीक को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होता। ऑरिजनल फिल्म में सूरज और सौबिन शाहीर दिखे थे।

अनिल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें फिल्म जुग जुग जियो में देखा जा सकता है। इस फिल्म में उनके साथ नीतू कपूर, वरुण धवन और कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। वह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में दिखाई देंगे। इसमें रणबीर कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। वह करण जौहर की फिल्म तख्त का हिस्सा हैं। अनिल फिल्म आंखें 2 को लेकर भी चर्चा में हैं।




## आलिया भट्ट और रणवीर सिंह ने शुरू की फिल्म की शूटिंग, शेयर किया मजेदार वीडियो



आलिया भट्ट और रणवीर सिंह ने हाल ही में अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की अनाउंसमेंट की थी. अब दोनों ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है. इस फिल्म को करण जौहर डायरेक्ट कर रहे हैं. आलिया, रणवीर और करण ने सेट की एक वीडियो भी शेयर की है. इस वीडियो में आलिया और रणवीर अपने कॉस्ट्यूम में नजर आ रहे हैं. इसके अलावा वीडियो में डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, करण जौहर और क्रू मेंबर्स अपना काम करते नजर आ रहे हैं. फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह का लुक खास होने वाला है. वीडियो में आलिया लाल रंग की साड़ी के साथ नोस रिंग पहनी नजर आ रही हैं. वहीं रणवीर ने एनिमल प्रिंट आउटफिट पहना है. रणवीर सिंह ने ये वीडियो शेयर करते हुए लिखा– शुरू हो गई है रॉकी और रानी की ये अनोखी कहानी. तो दीजिए हमें अपना आशीर्वाद और प्यार, और चलिए इस सफर में हमारे साथ. इस फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं. धर्मेंद्र रोमांटिक किरदार में नजर आने वाले हैं. अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा था– मैं इस समय ज्यादा कुछ नहीं बता सकता हूं. मैं करण जौहर जैसे डायरेक्टर के साथ काम करने के लिए काफी एक्साइटेड हूं. जो बहुत ही अच्छी फिल्में बनाते हैं. मैंने जब स्क्रिप्ट सुनी तो मुझे लगा उन्होंने मुझे दिमाग में रखकर किरदार लिखा है. उन्होंने मुझसे कहा कि धरम साहब आप जैसे हो रियल लाइफ में मुझे वैसे ही चाहिए आप स्क्रीन पर. तो मुझे लगता है मुझे एक्टिंग बिल्कुल नहीं करनी पड़ेगी इसमे. आलिया भट्ट और रणवीर सिंह के साथ काम करने को लेकर धर्मेंद्र ने कहा– रणवीर हर फिल्म में बहुत नेचुरल लगता है. बड़ा ही प्यारा लड़का है. जब भी हम किसी फंक्शन में मिलते हैं तो वो मेरे पास आकर बैठ जाता है. वहीं आलिया भी अपने काम में शानदार है.

## पुराने टूथब्रश को न समझें बेकार, इन चीजों की सफाई के लिए करें इस्तेमाल



घर में ऐसी कई चीजें मौजूद होती हैं जिनका इस्तेमाल एक निश्चित समय तक ही किया जा सकता है और इसके बाद वह खराब हो जाती हैं। इन चीजों में से एक है टूथब्रश जो अगर खराब या फिर पुराना हो जाता है तो उसे फेंकने के अलावा और कोई विकल्प नहीं सूझता है। हालांकि अगर आप चाहें तो ऐसे टूथब्रश को फेंकने की बजाय इसका इस्तेमाल कुछ चीजों की सफाई के लिए कर सकते हैं। कंघी को करें साफः लगातार इस्तेमाल के कारण कंघी में गंदगी जमा होने लगती है जिसे साफ करने के लिए कई लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ती है। हालांकि आप चाहें तो अपने पुराने टूथब्रश से इस काम को मिनटों में कर सकते हैं। इसके पहले एक कटोरी में डिटर्जेंट पाउडर और हल्के गर्म पानी का घोल बनाएं, फिर कंघी को इसमें भिगोएं। अब टूथब्रश से कंघी को रगड़ें। इसके बाद साफ पानी से कंघी को धोएं और फिर सुखाकर इसका इस्तेमाल करें। ज्वैलरी को चमकाने में करें मददः अगर आपको अपनी किसी भी तरह की ज्वैलरी को चमकाना है तो इसके लिए भी आप पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले एक कप हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा शैंपू अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें पुराने टूथब्रश को भिगोकर इसे अपनी ज्वैलरी पर हल्के हाथों से रगड़ें। जब ज्वैलरी पूरी तरह से साफ हो जाएं, तब इसे पानी से धो कर साफ कर लें और फिर सूखे कपड़े से पोंछकर सुखा लें। जूतों को करें साफः अक्सर जूतों पर मिट्टी लग जाती है और यह सोल में फंस जाती है जिसे आसानी से निकालने के लिए आप पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा जूतों की ऊपरी सतह से धूल–मिट्टी हटाने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी के साथ जूतों को धोते समय इन्हें रगडने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल किया जा सकता है। यकीनन इसके बाद आपके जूते एकदम नए जैसे दिखेंगे। घर की टाइल्स और की–बोर्ड को करें साफः घर की टाइल्स पर जमी गंदगी को साफ करने के लिए भी पुराने टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले टाइल्स पर डिशवॉशिंग लिक्विड पानी में मिलाकर डालें और फिर टाइल्स पर पुराना टूथब्रश रगड़ें। इसके बाद पानी से टाइल्स को धोकर साफ करें। इसके अलावा आप चाहें तो अपने की–बोर्ड को साफ करने के लिए भी टूथब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। यकीन मानिए इससे की–बोर्ड की बारीकी से सफाई हो सकती है।